हिंदी दैनिक

# नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP

in BCN NEWS DIGITAL 24X7 www.inbcn.in

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 | नागपुर, गुरुवार, 19 दिसंबर 2024 | अंक 67 / वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-


शिवशंकर आयुर्वेदिक

क्या डायबिटीज से परेशान हो ?
डायबेटीज चेकअप करके
पर Dr. B.A.M.S., M.D. अनुभवी चिकित्सक
द्वारा चिकित्सा उपचार किया जाता है।

तथा दमा, अस्थमा, एलर्जी / सभी प्रकार के वात रोग/ लखवा/ स्त्रिरोग/ पुरूष के शुक्राणू दोष/ निसंतान/ किडनी स्टोन/ डायबिटीज से परेशान/ वेट लॉस/ वेट गेन/पिंपल्स/ फ्रेअरनेस/ स्किन प्रॉब्लेम/ पाईल्स/ एवं अन्य बिमारीयों पर भी उपचार किया जाता है।

नागपूर का भव्य शोरूम महाजन मार्केट के पास, टेम्पल बाजार, सिताबर्डी, नागपूर.

फोन 9112079000 / 8605245080

आयुर्वेदिक दवाईया तथा जडीबुटीयों का विशाल भंडार

# शहरी नक्सलवाद से निपटेगी महाराष्ट्र सरकार !

> विधानसभा में 'महाराष्ट्र विशेष लोक सुरक्षा अधिनियम' दोबारा पेश

> सीएम फडणवीस ने कहा, संयुक्त प्रवर समिति को भेजा जाएगा विधेयक

**नागपुर।**

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को राज्य विधानसभा में विशेष लोक सुरक्षा विधेयक दोबारा पेश किया। उन्होंने कहा कि प्रास्तावित कानून का उद्देश्य वास्तविक असहमति की आवाजों को दबाना नहीं, बल्कि शहरी नक्सलियों के पनाहगाहों को समाप्त करना है।

एकनाथ शिंदे नीत पूर्ववर्ती महायुति गठबंधन सरकार ने इस साल जुलाई में मानसून सत्र के दौरान विधानसभा में 'महाराष्ट्र विशेष लोक सुरक्षा अधिनियम, 2024' नाम से यह विधेयक पेश किया था। हालांकि, उस समय यह पारित नहीं हो पाया था।

विधानसभा चुनाव के बाद फडणवीस के नेतृत्व में आई नई सरकार ने सदन में इस विधेयक को दोबारा पेश किया है। सदन में विधेयक पेश करते हुए फडणवीस ने कहा कि इसे राज्य विधानमंडल की संयुक्त प्रवर समिति को भेजा जाएगा ताकि इससे संबंधित सभी संदेह दूर किए जा सकें। उन्होंने कहा कि हितधारकों की राय पर विचार किया जाएगा और विधेयक को अगले वर्ष जुलाई में मुंबई में होने वाले राज्य विधानमंडल के मानसून सत्र में मंजूरी दी जाएगी। सदन में विधेयक पेश करते हुए सीएम फडणवीस ने कहा कि इसे राज्य विधानमंडल की संयुक्त प्रवर समिति को भेजा जाएगा ताकि इससे संबंधित सभी संदेह दूर किए जा सकें।



सीएम फडणवीस ने कहा, नक्सलवाद केवल सुदूर ग्रामीण इलाकों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि शहरी इलाकों में भी ऐसे संगठन उभर आए हैं जो देश और इसकी संस्थाओं के प्रति अविश्वास पैदा करने का काम करते हैं। उन्होंने कहा, यहां तक कि महाराष्ट्र में नक्सल विरोधी दस्ते भी शहरी नक्सलियों की गतिविधियों को रोकने के लिए ऐसा कानून चाहते हैं।

इस प्रस्तावित कानून का उद्देश्य वास्तविक असहमति की आवाजों को दबाना नहीं है, बल्कि शहरी नक्सलियों के ठिकानों को बंद करना है। सीएम ने कहा कि यहां तक कि महाराष्ट्र में नक्सल विरोधी दस्ते भी शहरी नक्सलियों की गतिविधियों को रोकने के लिए ऐसा कानून चाहते हैं। वास्तविक असहमति की आवाजों को दबाना नहीं है, बल्कि इस प्रस्तावित कानून का उद्देश्य शहरी नक्सलियों के ठिकानों को बंद करना है।

### मानसून सत्र में दी जाएगी मंजूरी

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि हितधारकों की राय पर विचार किया जाएगा और विधेयक को अगले वर्ष जुलाई में मुंबई में होने वाले राज्य विधानमंडल के मानसून सत्र में मंजूरी दी जाएगी। फडणवीस ने कहा कि नक्सलवाद केवल सुदूर ग्रामीण इलाकों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि शहरी इलाकों में भी ऐसे संगठन उभर आए हैं जो देश और इसकी संस्थाओं के प्रति अविश्वास पैदा करने का काम करते हैं।

### इस विधेयक पर विपक्ष ने उठाया सवाल

कांग्रेस के महाराष्ट्र ईकाई के अध्यक्ष व साकोली विधायक नाना पटोले ने इस विधेयक पर सवाल उठाया कि जब मौजूदा कानूनों में नक्सलवाद से निपटने के प्रावधान हैं तो अलग कानून की क्या जरूरत है। इस पर सीएम फडणवीस ने जवाब दिया कि महाराष्ट्र में नक्सलवाद से निपटने के लिए कोई कानून नहीं है।

### दो दिन बाद सामने आए अजित पवार

दो दिन से गायब चल रहे अजित पवार की आखिरकार दो दिन तक गायब क्यों रहे इसकी जानकारी सामने आई है। दिलचस्प बात तो यह है कि राष्ट्रवादी शरद पवार गुट के विधायक शशिकांत शिंदे ने बुधवार सुबह उपमुख्यमंत्री अजित पवार से मुलाकात की। इससे कई लोगों का उत्साह बढ़ गया है और शीतकालीन सत्र में उनके मौजूदगी की बातें चल रही है। अजित पवार आज विधानसभा के कार्य में हिस्सा लेने वाले हैं। बताया जा रहा है कि अजित पवार को गले में संक्रमण हुआ था। इसलिए उन्होंने दो दिन तक तबीयत खराब होने के कारण आराम किया।

## खबरें! एक नजर में!!

### कुवैत जाएंगे पीएम नरेंद्र मोदी

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी सहयोग और साझेदारी को बढ़ाते हुए कुवैत की दो दिन की यात्रा पर जाएंगे। 43 सालों में यह किसी भारतीय पीएम की इस प्रमुख पश्चिम एशियाई देश की पहली यात्रा होगी। इस समय खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) की अध्यक्षता भी कुवैत के पास ही है। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि पीएम मोदी 21-22 दिसंबर को कुवैत का दौरा करेंगे। इस दौरान वह कुवैत के नेताओं के साथ विचार-विमर्श करेंगे।

### कल्याण रेलवे स्टेशन को बम से उड़ाने की धमकी

**मुंबई।** कल्याण रेलवे स्टेशन को बम से उड़ाने की धमकी का मामला सामने आया है। धमकी मंगलवार रात दी गई। दरअसल, उल्हासनगर सेंट्रल पुलिस स्टेशन में फोन कर एक अज्ञात व्यक्ति ने स्टेशन को बम से उड़ाने की धमकी दी। रेलवे पुलिस ने तत्काल ही कल्याण स्टेशन पर जांच की, लेकिन उन्हें कुछ भी नहीं मिला। उल्हासनगर सेंट्रल पुलिस स्टेशन में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### ठंड और शीतलहर का प्रकोप जारी

**नई दिल्ली।** देश में कोहरे और शीतलहर से लोग परेशान हैं। पहाड़ी राज्यों के साथ-साथ भारत के विभिन्न राज्य ठंड के साये में हैं। उत्तर भारत के विभिन्न राज्यों का न्यूनतम तापमान पांच डिग्री से नीचे लुढ़क गया है। मध्य भारत में भी तापमान में गिरावट दर्ज हुई है। मैदानी इलाकों में दिन में तो धूप खिल रही है पर सुबह और सूरज ढलते ही ठंड लग रही है। सड़कों पर लोग अलाव जलाकर ठंड से बचने की कोशिश कर रहे हैं।

### कठुआ में घर में लगी आग से छह की मौत

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के कठुआ के शिवानगर इलाके में एक सेवानिवृत डीएसपी कृष्ण के घर बुधवार को संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से घर के भीतर सो रहे छह लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। कहा जा रहा है कि दम घुटने से लोगों की मौत हो गई है, जबकि हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। शॉर्ट सर्किट के चलते आग भड़की और सो रहे लोगों को संभलने का मौका नहीं मिला।

### लौह खदान में भारत की पहली महिला शिफ्ट शुरू

**नई दिल्ली।** महिलाओं की कार्यक्षमता की कोई लिमिट नहीं है। वह हर क्षेत्र में अपना लोहा मनवा रही हैं। इसी कड़ी में अब लौह अयस्क की खान में काम करना और उसकी पूरी जिम्मेदारी संभालना भी शामिल हो गया है। टाटा स्टील ने झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में स्थित अपनी नोवामुंडी लौह खदान में पहली बार महिला शिफ्ट शुरू की है। यह देश में पहली बार शुरू की गई पहल है।

### डोनाल्ड ट्रंप ने फिर दी भारत को धमकी

**वाशिंगटन।** जल्द ही अमेरिका के राष्ट्रपति पद की शपथ लेने जा रहे डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर टैरिफ की धमकी दी है। ट्रंप ने भारत पर रेसिप्रोकल टैक्स लगाने की धमकी दी है। उनका कहना है कि भारत अमेरिकी प्रोडक्ट्स पर जितना टैक्स लगाता है, उतना ही हम भी भारतीय प्रोडक्ट्स पर लगाएंगे। ट्रंप काफी समय से भारत द्वारा कुछ अमेरिकी प्रोडक्ट्स के आयात पर 'हाई टैरिफ' लगाने का विरोध करते आ रहे हैं।

## समुद्र में पलटी यात्रियों से भरी नाव

> 3 की मौत, 77 यात्रियों को बचाया गया



**मुंबई।** महाराष्ट्र में मुंबई तट के नजदीक बुधवार को एक नौका के पलट जाने से उसमें सवार तीन लोगों की मौत हो गई जबकि 77 अन्य लोगों को बचा लिया गया। पुलिस ने बताया कि अभी भी कुछ लोग लापता हैं और उनकी तलाश की जा रही है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि हादसे के समय नीलकमल नामक इस नौका पर 80 यात्री और चालक दल के पांच सदस्य सवार थे।

मिली जानकारी के अनुसार नौका मुंबई के नजदीक स्थित लोकप्रिय पर्यटन स्थल 'एलीफेंटा' द्वीप जा रही थी तभी शाम करीब 4 बजे एक स्पीड बोट उससे टकरा गई। घटना का कथित वीडियो प्रसारित हुआ है।

एक स्थानीय नेता ने दावा किया कि स्पीड बोट नौसेना की थी, लेकिन नौसेना की ओर से इसकी कोई पुष्टि नहीं की गई। रक्षा मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि नौसेना और तटरक्षक बल ने घटनास्थल पर बड़े पैमाने पर राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया है। उन्होंने बताया कि बचाव अभियान में नौसेना की 11 नाव, समुद्री पुलिस की तीन नाव और तटरक्षक बल की एक नाव इस्तेमाल की जा रही हैं।

उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि मुंबई के एलीफेंटा इलाके में एक यात्री नाव के डूबने की घटना में बचाव अभियान की जानकारी मुंबई शहर और रायगढ़ के जिला कलेक्टरों से ली गई। नौसेना, जेएनपीटी, तटरक्षक बल और स्थानीय मछली पकड़ने वाली नौकाओं को बचाव अभियान तेज करने का निर्देश दिया गया है और संबंधित एजेंसियों को क्षतिग्रस्त नाव पर सवार सभी लोगों को सुरक्षित निकालने के निर्देश दिए गए हैं।

**मुख्यमंत्री ने ली घटना की जानकारी**

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नागपुर में राज्य विधानसभा को सूचित किया कि हादसे के बाद से लापता सात से आठ यात्रियों की तलाश की जारी है। उन्होंने बताया कि स्पीड बोट ने नियंत्रण खो दिया और नौका से टकरा गई, बताया जा रहा है कि उक्त स्पीड बोट नौसेना या तटरक्षक बल का है।

## अचानक पीएम मोदी से मिले शरद पवार

> किसानों को ले गए साथ, गिफ्ट में दिया अनार का डिब्बा

नई दिल्ली। एक तरफ जहां पूरा विपक्ष केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को आम्बेडकर के मुद्दे पर घेर रहा है वहीं दूसरी तरफ शरद पवार ने प्रधानमंत्री से मुलाकात कर ली है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के अध्यक्ष शरद पवार ने बुधवार संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और अनार किसानों के सामने आने वाले मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में अनार उद्योग से जुड़ी चुनौतियों, खासकर किसानों को प्रभावित करने वाली चुनौतियों पर चर्चा की गई। किसानों की चिंताओं के बारे में मुखर रहे पवार ने प्रधानमंत्री से इन मुद्दों को सुलझाने और कृषि क्षेत्र के लिए समर्थन सुनिश्चित करने के लिए दखल करने की मांग की।



पवार ने पश्चिमी महाराष्ट्र के फलटन के दो किसानों के साथ संसद में प्रधानमंत्री से उनके कार्यालय में मुलाकात की और उन्हें अपने खेत से अनार का एक डिब्बा भेंट भी किया। प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद पवार ने कहा, 'मैंने साहित्य सम्मेलन के विषय पर बात नहीं की.' जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने पीएम मोदी महाराष्ट्र की राजनीति को लेकर कोई बात की है? तो उन्होंने इस सवाल का जवाब 'नहीं' में दिया। हाल ही में पवार ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर उन्हें फरवरी में राष्ट्रीय राजधानी के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित होने वाले 98वें मराठी साहित्य सम्मेलन का उद्घाटन करने के लिए आमंत्रित किया था।

**किसानों के मुद्दों पर हुई चर्चा**

शरद पवार ना सिर्फ महाराष्ट्र में बल्कि राष्ट्रीय स्तर विपक्षी खेमे के लिए बड़ा चेहरा हैं । ऐसे में संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान पीएम मोदी से मुलाकात को लेकर कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं, हालांकि बाद में साफ हो गया कि उन्होंने किसानों के मुद्दों को लेकर पीएम से यह मीटिंग की है।

## किसानों ने किया 30 को पंजाब बंद का ऐलान

> बुधवार को किसानों ने तीन घंटे ट्रेनें रोकी

**चंडीगढ़.**

किसानों ने 30 दिसंबर को पंजाब बंद का ऐलान किया है। किसानों के प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए जसविंदर सिंह लोंगोवाल ने इसकी घोषणा की. कल हरियाणा की खापें किसान भवन चंडीगढ़ में किसानों के समर्थन में ऐलान करेंगी।

संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनैतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के आह्वान पर बुधवार को पंजाब में किसानों ने तीन घंटे के लिए रेल लाइनों पर बैठकर ट्रेनें रोकी। पूरे पंजाब में करी 50 जगहों पर किसानों ने दोपहर 12 बजे से लेकर तीन बजे तक ट्रेन रूट को बाधित किया।

शंभू बॉर्डर पर किसानों ने धरने वाली जगह के नजदीक ही गुजरते रेल ट्रैक पर धरना दिया। किसान अपनी मांगों को लेकर 13 फरवरी से पंजाब और हरियाणा की सीमाओं शंभू बॉर्डर और खनौरी बॉर्डर पर धरना दे रहे हैं।

13 फरवरी को किसानों का दिल्ली कूच का आह्वान था लेकिन वे शंभू और खनौरी बॉर्डर पर हरियाणा में प्रवेश नहीं कर सके थे। दिसंबर में भी किसानों ने पैदल 101 किसानों का जत्था दिल्ली कूच के लिए तीन बार भेजने की कोशिश की मगर वे आगे नहीं बढ़ पाए। हरियाणा के पुलिसकर्मियों ने उन्हें रोक दिया।

खनौरी बॉर्डर पर किसान नेता



जगजीत सिंह डल्लेवाल के आमरण अनशन को बुधवार को 23 दिन हो गए हैं और उनकी तबीयत लगातार बिगड़ रही है, जिसे लेकर चिंता बढ़ गई है। वो किसानों की मांगों को लेकर केंद्र सरकार पर दबाव बनाने के लिए अनशन कर रहे हैं।

### किसानों की क्या हैं मांगें?

किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी, फसलों का मूल्य तय करने के लिए स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करना, कृषि को विश्व व्यापार संगठन से बाहर करने और कुछ अन्य मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। किसानों और खेतिहर मज़दूरों के लिए पेंशन की भी मांग है। साथ ही बिजली दरों में कोई बढ़ोतरी नहीं करने की भी मांग की जा रही है।

## रेलवे महाकुंभ में फ्री ट्रेन यात्रा नहीं कराएगा

**नई दिल्ली।**

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में लगने वाले महाकुंभ मेले के दौरान जनरल डिब्बे में बिना टिकट यात्रा से जुड़ी खबरों पर रेल मंत्रालय ने बुधवार को सफाई दी है। भारतीय रेलवे ने स्पष्ट किया कि यात्रियों को फ्री यात्रा की अनुमति देने वाली खबरें पूरी तरह से आधारहीन और अफवाह हैं। पहले खबर आई थी कि यात्री प्रयागराज से 200 से 250 किमी की दूरी तक की यात्रा मुफ्त में कर सकते हैं।

रेल मंत्रालय ने कहा- भारतीय रेलवे के संज्ञान में आया है कि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि महाकुंभ मेले के दौरान यात्रियों को मुफ्त यात्रा करने की अनुमति दी



जाएगी, हम इन रिपोर्ट्स का खंडन करते हैं, क्योंकि वे पूरी तरह से निराधार और भ्रामक हैं। मंत्रालय ने कहा कि भारतीय रेलवे के नियमों के तहत बिना वैध टिकट के यात्रा करना दंडनीय अपराध है।

रेलवे ने कहा- भारतीय रेलवे ने महाकुंभ के दौरान यात्रियों के लिए कई व्यवस्थाएं की हैं। यात्रियों की बड़ी संख्या को देखते हुए खास तौर पर यात्रा के दौरान रेलवे ने विशेष होल्डिंग क्षेत्र, अतिरिक्त टिकट काउंटर और अन्य जरूरी सुविधाओं की व्यवस्था की है। उत्तर-मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी ने बताया कि प्रयागराज में 450 करोड़ रुपए की लागत से 21 रेलवे क्रॉसिंग गेट बनाए जा रहे हैं। फिलहाल 15 गेट बन चुके हैं और बाकी के दिसंबर में बन जाएंगे।

**यूपी सरकार घुड़सवार पुलिस की तैनाती करेगी**

उत्तर प्रदेश सरकार महाकुंभ में भीड़ और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए घुड़सवार पुलिस की व्यवस्था भी करेगी। इसके लिए अमेरिकन बाम ब्लड और इंग्लैंड के थ्रो नस्ल के घोड़ों के साथ-साथ देसी नस्ल के 130 घोड़े तैनात किए जाएंगे।

## शिव मंदिर और कुंए का होगा सर्वे

> आज संभल जाएगी एएसआई की टीम

**नई दिल्ली।**

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण यानी एएसआई की टीम आज गुरुवार को उत्तर प्रदेश के संभल जिले का दौरा कर सकती है। एएसआई की टीम पहले मिले शिव मंदिर और कुंए जिसकी खुदाई की जा रही है उसका सर्वे करेगी। इस सर्वे के माध्यम से एएसआई यह जानने की कोशिश करेगी कि ये मंदिर और कुंआ कितना पुराना है। बता दें कि एएसआई की टीम पहले बुधवार को ही संभल पहुंचने वाली थी। हालांकि, 4 सदस्य टीम में से एक के रिश्तेदार की मृत्यु हो गई है। इस कारण एएसआई टीम के अब गुरुवार को संभल आने की संभावना है।


संभल में मिले प्राचीन शिव मंदिर में आज से पूजा अर्चना शुरू कर दी गई है। साथ ही जिस कुएं की खुदाई हुई है वहां एएसआई की टीम कल सर्वे करेगी। एएसआई निरीक्षण करके जांच करने की कोशिश करेगी ये मंदिर और कुआं कौन सी सदी का है और इसका महत्व क्या है।

## आंबेडकर पर बोलकर घिरे शाह

**नई दिल्ली।**

> कांग्रेस के 'आंबेडकर अटैक' पर पीएम मोदी ने संभाला मोर्चा

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बाबासाहब डॉ.भीमराव आंबेडकर के संदर्भ में की गयी एक टिप्पणी को लेकर बुधवार को संसद में जमकर हंगामा देखने को मिला। गृहमंत्री पर संविधान निर्माता डॉ.आंबेडकर का अपमान करने का आरोप लगाया। हालांकि विपक्ष की तरफ से हुए हमले का बीजेपी की तरफ से जोरदार पलटवार किया गया। पहले राज्य सभा में किरेन रिजिजू ने साफ किया कि गृहमंत्री के बयान को उन्होंने पूरा सुना है गृहमंत्री जी ने बहुत साफ शब्दों में बाबा साहब के प्रति श्रद्धा का भाव व्यक्त किया था। साथ ही उन्होंने बताया कि बाबा साहब के जीते जी कांग्रेस पार्टी ने कैसे उनका अपमान किया। बाद में पीएम मोदी



ने स्वयं मोर्चा संभालते हुए सोशल मीडिया साइट एक्स के जरिए कांग्रेस पर निशाना साधा। बीजेपी की तरफ से शाह के भाषण का पूरा वीडियो भी सोशल मीडिया में पोस्ट किया गया है।

पीएम मोदी ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा, कांग्रेस और उसका सड़ा हुआ इकोसिस्टम सोचता है कि उनके दुर्भावनापूर्ण झूठ कई वर्षों के कुकर्मों, विशेषकर डॉ.आंबेडकर के प्रति उनके अपमान को छुपाया जा सकता है, तो वे गलत सोच रहे हैं! देश के लोगों ने बार-बार देखा है कि कैसे एक वंश के नेतृत्व वाली एक पार्टी ने डॉ.आंबेडकर की विरासत को मिटाने और एससी/एसटी समुदायों को अपमानित करने के लिए हरसंभव गंदी चाल चली है।

पीएम मोदी ने अंबेडकर को लेकर कांग्रेस के गुनाहों को गिनाते हुए लिखा, उन्हें (आंबेडकर) एक बार नहीं, बल्कि दो बार चुनाव में हराया। पंडित नेहरू ने उनके खिलाफ प्रचार किया और उनकी हार को प्रतिष्ठा का मुद्दा बनाया. उन्हें भारत रत्न देने से इनकार किया गया। संसद के सेंट्रल हॉल में उनके गौरव को स्थान नहीं दिया। उन्होंने आगे कहा, कांग्रेस चाहे जितनी कोशिश कर ले। लेकिन, वह इस बात से इनकार नहीं कर सकती कि एससी/एसटी समुदायों के खिलाफ सबसे भयानक नरसंहार उनके शासन में हुए हैं। वर्षों तक वह सत्ता में रहे, लेकिन, एससी और एसटी समुदायों को सशक्त बनाने के लिए कोई काम नहीं किया। बता दे कि अमित शाह ने मंगलवार को संविधान के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर बहस के दौरान सदन को संबोधित किया था. इस दौरान अमित शाह ने कांग्रेस पार्टी पर जमकर निशाना साधा था.

## किसानों के मुद्दों को लेकर विपक्ष ने मचाया हंगामा

### तीसरे दिन विधान भवन की सीढ़ियों पर किया प्रदर्शन

**नागपुर।**

महाराष्ट्र शीतकालीन सत्र का बुधवार को तीसरा दिन था। सत्र शुरू होने के थोड़ी देर बाद ही विपक्ष के कठोर स्वर सदन में गूंज उठे। महाराष्ट्र में विपक्षी दलों के सदस्यों ने सरकार पर किसानों के मुद्दे उठाते हुए प्रदर्शन कर दिया। महाराष्ट्र में विपक्षी दलों के सदस्यों ने सरकार पर किसानों के प्रति उदासीनता और उन्हें फसल उत्पादन का पर्याप्त मूल्य नहीं देने का आरोप लगाते हुए बुधवार को लगातार तीसरे दिन विधान भवन की सीढ़ियों पर विरोध प्रदर्शन किया।

बुधवार को विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष अंबादास दानवे, शिवसेना (यूबीटी) के सुनील प्रभु और भास्कर जाधव, कांग्रेस नेता नाना




पटोले, नितिन राउत, भाई जगताप समेत विपक्षी गठबंधन महा विकास आघाडी (एमवीए) के सदस्यों ने विधान भवन की सीढ़ियों पर प्रदर्शन किया। उन्होंने नारे लगाते हुए आरोप लगाया कि सरकार किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं कर रही है तथा सोयाबीन और कपास की फसलों के लिए किसानों को पर्याप्त मूल्य नहीं दे रही। पत्रकारों से बात करते हुए शिवसेना (यूबीटी) के नेता दानवे ने मांग की कि धान किसानों को बोनस दिया जाना चाहिए।

उन्होंने दावा किया कि कपास और सोयाबीन किसानों को उनकी उपज का पर्याप्त मूल्य नहीं मिल रहा । पिछले दो दिनों में, एमवीए सदस्यों ने किसानों की समस्याओं, पिछले सप्ताह परभणी में हुई हिंसा और बीड जिले में एक सरपंच की हत्या सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर राज्य में भाजपा नीत महायुति सरकार पर निशाना साधा।

# ईडी ने जब्त की 22,280 करोड़ की प्रॉपर्टी

## निर्मला सीतारमण ने संसद में बताया

**नई दिल्ली.**



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में बताया कि प्रवर्तन निदेशालय ने आर्थिक अपराधियों से 22,280 करोड़ रुपए की संपत्तियां जब्त की हैं. इसमें विजय माल्या से 14,131 करोड़ रुपए और नीरव मोदी से 1,052 करोड़ रुपए की संपत्तियां शामिल हैं. विंटर सेशन के दौरान संसद में बोलते हुए सीतारमण ने कहा कि ईडी ने 22,280 करोड़ रुपए की संपत्तियां सफलतापूर्वक सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को वापस कर दी हैं. विजय माल्या के मामले में 14,131.6 करोड़ रुपए वसूले गए हैं और इन संपत्तियों को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को बहाल कर दिया गया है.

नीरव मोदी के मामले में 1,052.58 करोड़ रुपए सार्वजनिक और निजी बैंकों को बहाल किए गए हैं. इसके साथ ही सरकार ने यह संदेश दिया है कि देश छोड़कर भागने वाले अपराधियों को भी बख्शा नहीं जाएगा. वित्त मंत्री बताया कि सरकार ने किसी को छोड़ा नहीं है. जो देश छोड़कर भाग गए, उनके खिलाफ कार्रवाई की गई है. ईडी ने पैसे इकट्ठा कर बैंकों को लौटाए हैं.

### ब्लैक मनी एक्ट ने टैक्सपेयर्स पर बड़ा असर डाला

सीतारमण ने बताया कि 2015 में लागू ब्लैक मनी एक्ट ने टैक्सपेयर्स पर बड़ा असर डाला है. इसके तहत 2024-25 में 2 लाख करदाताओं ने अपनी विदेशी संपत्ति का खुलासा किया है, जबकि 2021-22 में ऐसे करदाताओं की संख्या 60,467 थी. जून 2024 तक इस कानून के तहत 697 मामलों में 17,520 करोड़ रुपए की मांग उठाई गई है और 163 मुकदमे दर्ज किए गए हैं.

# शालिनीताई मेघे हॉस्पिटल ने स्ट्रोक से मरीज को बचाया



**नागपुर.** नागपुर शहर के वानाडोंगरी स्थित 1020 बेड वाले शालिनीताई मेघे हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (एसएमएचआरसी) के सुपरस्पेशलिटी विंग, डॉ. बाबासाहब अंबेडकर सुपरस्पेशलिटी इंस्टीट्यूट (डीबीएएसआइ) की न्यूरोलॉजी टीम ने एक जटिल मामले में सफलता हासिल की। उन्होंने उन्नत एंडोवैस्कुलर सर्जरी के माध्यम से, द्विपक्षीय वर्टिब्रल आर्टरी स्टेनोसिस के कारण बार-बार होने वाले पोस्टीरियर सर्कुलेशन स्ट्रोक का सफलतापूर्वक इलाज किया। बुलढाणा के वडगांव की निवासी 61 वर्षीय महिला को चक्कर आना, उल्टी आना, चलने में असंतुलन और बोलने में कठिनाई जैसे गंभीर लक्षणों के साथ शालिनीताई मेघे हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। इंटरवेंशनल न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. मंदार वाघ्रलकर और न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. जीवन किंकर की देखरेख में, मरीज की जांच की गई और और एंजियोग्राफिक इमेजिंग से गंभीर द्विपक्षीय वर्टिब्रल आर्टरी स्टेनोसिस का पता चला, जिसके कारण मरीज को बार-बार दौरे आ रहे थे। खून पतला करने वाली दवाओं का उचित इलाज मिलने के बावजूद उसके लक्षणों में सुधार नहीं हो रहा था, जिससे भविष्य में स्ट्रोक का खतरा बढ़ रहा था। उनकी स्थिति की गंभीरता को देखते हुए, न्यूरोलॉजी टीम ने न्यूरो-इंटरवेंशनल दृष्टिकोण अपनाने का निर्णय लिया। मरीज की वर्टिब्रल आर्टरी एंजियोप्लास्टी और स्टेंटिंग की गई, जो मस्तिष्क में सही रक्त प्रवाह बहाल करने के लिए एक मिनिमली इनवेसिव प्रक्रिया है। डॉ. मंदार वाघ्रलकर द्वारा कुशलतापूर्वक की गई इस प्रक्रिया में, डॉ. किरण व्यवहारे ने एनेस्थीसिया सपोर्ट में सहायता की और तकनीशियन सहायता में सिस्टर शारदा प्रथमेश और चिन्मय का योगदान रहा। इस प्रक्रिया में, हृदय एंजियोप्लास्टी की तरह, जांघ के माध्यम से संकुचित धमनी में एक छोटी सुई डाली जाती है। इसके लिए संकुचित धमनी को चौड़ा किया गया और मस्तिष्क में निरंतर रक्त प्रवाह सुनिश्चित करने के लिए एक स्टेंट डाला गया।

डॉ. मंदार वाघ्रलकर ने बताया कि इंटरवेंशनल न्यूरोलॉजी मस्तिष्क से संबंधित संवहनी विकारों के इलाज के लिए एक अत्याधुनिक प्रक्रिया है। तीव्र स्ट्रोक के लिए क्लॉट हटाना, एन्यूरिज्म कॉइलिंग, और स्टेंटिंग के साथ एंजियोप्लास्टी जैसी मिनिमली इनवेसिव प्रक्रियाएं, पारंपरिक मस्तिष्क सर्जरी की तुलना में जोखिम, जटिलताओं और ठीक होने के समय को काफी कम करती हैं। डॉ. अनुप मरार, डायरेक्टर, शालिनीताई मेघे हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर ने न्यूरोलॉजी टीम की विशेषज्ञता और न्यूरोलॉजिकल देखभाल के लिए उन्नत तकनीकों को अपनाने की उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने समुदाय को न्यूनतम लागत पर अत्याधुनिक न्यूरोलॉजिकल देखभाल प्रदान करने के प्रति शालिनीताई मेघे हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। एक उन्नत कैथ लैब से सुसज्जित, शालिनीताई मेघे हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर मध्य भारत में उन्नत न्यूरोलॉजिकल और स्ट्रोक देखभाल के लिए एक अग्रणी केंद्र के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत कर रहा है, जो जटिल स्थितियों के उपचार के लिए व्यापक इंटरवेंशनल प्रक्रियाओं की पेशकश करता है।

# पीआरएसआई का जनसंपर्क महाकुंभ कल से रायपुर में

**रायपुर.** पब्लिक रिलेशन्स सोसाइटी आफ इंडिया (पीआरएसआई) के तीन दिवसीय जनसंपर्क महाकुंभ का शुभारंभ 20 दिसंबर से रायपुर में होने जा रहा है। इस बार रायपुर,वीआईपी रोड स्थित होटल बेबीलॉन में 46वें अखिल भारतीय जनसंपर्क सम्मेलन की मेजबानी करेगा। छत्तीसगढ़ में पहली बार जनसंपर्क के क्षेत्र में इस महत्वपूर्ण कांफ्रेंस का आयोजन सोसाइटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजीत पाठक जी के नेतृत्व में होने जा रहा है।

पीआरएसआई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (पश्चिम) एस पी सिंह ने बताया कि इस वर्ष सम्मेलन का थीम "राष्ट्रीय मूल्य: अंतर्राष्ट्रीय दक्षता - जनसंपर्क की भूमिका" है। कांफ्रेंस का उद्घाटन छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय करेंगे। इस अवसर पर दिल्ली से राज्यसभा सांसद श्री नरेश बंसल, उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा एवं कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.बल्देव भाई शर्मा गेस्ट ऑफ़ ऑनर होंगे। पीआरएसआई रायपुर चैप्टर के चैयरमेन डॉ शाहिद अली एवं उनकी टीम सफलता के लिए प्रयास में जुटी हुई है. कांफ्रेंस के दूसरे दिन तकनीकी सत्रों का उद्घाटन पूर्व मंत्री व सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं पूर्व मंत्री व विधायक अजय चंद्राकर द्वारा होगा। कांफ्रेंस के दूसरे दिन जनसंपर्क के क्षेत्र में महत्वपूर्ण एवार्ड सेरेमनी के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू होंगे। कौशल विकास से संबंधित विशेष सत्र की अध्यक्षता हेतु मंत्री केदार कश्यप आमंत्रित किए गए हैं। कार्यक्रम के समापन समारोह एवं एवार्ड सेरेमनी में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल रमेन डेका एवं गेस्ट ऑफ़ ऑनर उप मुख्यमंत्री अरुण साव की उपस्थिति होगी। साथ ही ,इस पेशे में लगभग डेढ़ सौ महत्वपूर्ण योगदानकर्ताओं को जनसंपर्क ट्राफी, लीडरशिप अवार्ड भी प्रदान किए जाएंगे। पीआरएसआई ने 2023 में दिल्ली में 45वें राष्ट्रीय पीआर सम्मेलन और अंतर्राष्ट्रीय पीआर महोत्सव की मेजबानी की। विभिन्न राज्यों में पीआरएसआई के 25 चैप्टर्स सक्रिय हैं, जिनमें 500 से अधिक सदस्यों का सक्षम नेटवर्क है। इसमें बहुराष्ट्रीय निगमों, सरकारी संगठनों, सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों, शिक्षाविदों और पीआर सलाहकारों के पीआर प्रोफेशनल्स शामिल हैं।

# पुस्तकों की पहुंच बढ़ाने फ्लिपकार्ट ने एनसीईआरटी से मिलाया हाथ

## छात्रों को इसका लाभ मिलेगा






### युवा बनाने के देश के लक्ष्य में योगदान देने में सक्षम होंगे

टेक्नोलॉजी के मामले में अपनी विशेषज्ञता एवं व्यापक पहुंच का लाभ लेते हुए हमारा उद्देश्य किफायती शैक्षणिक सामग्री तक पहुंच की कमी को दूर करना है। ऐसा करते हुए हम सशक्त एवं शिक्षित युवा बनाने के देश के लक्ष्य में अपना योगदान देने में सक्षम होंगे। इस गठजोड़ के माध्यम से प्रामाणिक शैक्षणिक सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी और टेक्नोलॉजी एवं इनोवेशन के माध्यम से भारत की शिक्षा व्यवस्था में योगदान देने की फ्लिपकार्ट की प्रतिबद्धता को भी मजबूती मिलेगी।

**नई दिल्ली.** भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है। इस गठजोड़ का उद्देश्य छात्रों एवं शोधार्थियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए फ्लिपकार्ट की व्यापक पहुंच का लाभ उठाते हुए देशभर में एनसीईआरटी की पुस्तकों की किफायती एवं सुगम पहुंच सुनिश्चित करना है। विशेषरूप से टियर 2 एवं टियर 3 शहरों के छात्रों को इसका लाभ मिलेगा। इस गठजोड़ के तहत फ्लिपकार्ट अपने ऑनलाइन मार्केटप्लेस के माध्यम से एनसीईआरटी द्वारा प्रकाशित पुस्तकों की बिक्री सुनिश्चित करेगा। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, माननीय शिक्षा राज्य मंत्री एवं कौशल विकास व उद्यमिता राज्य मंत्री जयंत चौधरी और फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर रजनीश कुमार की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर का यह कार्यक्रम दिल्ली में एनसीईआरटी के कार्यालय में 16 दिसंबर को आयोजित किया गया। इसमें शिक्षा मंत्रालय एवं एनसीईआरटी के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। देशभर में गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक संसाधनों की पहुंच बढ़ाने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है। एमओयू पर हस्ताक्षर के मौके पर फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर रजनीश कुमार ने कहा, 'प्रगति के लिए शिक्षा महत्वपूर्ण है और देशभर के लाखों छात्रों के लिए शैक्षणिक संसाधनों तक पहुंच को आसान बनाने के लिए एनसीईआरटी से गठजोड़ पर हमें गर्व का अनुभव हो रहा है।

# जीएसटी काउंसिल करने जा रही बड़ा फैसला



**नई दिल्ल.**

जीएसटी काउंसिल की महत्वपूर्ण बैठक 21 दिसंबर को राजस्थान के जैसलमेर में होने वाली है. 55वीं जीएसटी काउंसिल की बैठक में कुछ अहम मुद्दों पर फैसला लिया जाएगा और इसमें कई गुड्स और सर्विसेज पर जीएसटी दरों को घटाने और बढ़ाने का फैसला लिया जा सकता है. जीएसटी काउंसिल की तरफ से फूड डिलीवरी एप्स के जरिए खाना मंगाने वाले कस्टमर्स को कुछ राहत मिल सकती है. जीएसटी परिषद की ओर से फूड डिलीवरी चार्ज पर जीएसटी (गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स) घटाया जा सकता है.

सूत्रों के मुताबिक ये जानकारी मिली है कि अगर जीएसटी काउंसिल की बैठक में फिटमेंट कमिटी के दिए गए सिफारिशों को माना जाता है तो आपके फूड डिलीवरी पर लगने वाले चार्ज में बड़ी कटौती हो सकती है. सूत्रों के मुताबिक ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म की तरफ से खाने की डिलीवरी पर अभी कस्टमर्स को 18 परसेंट जीएसटी देना होता है जिसे घटाकर 5 फीसदी किया जा सकता है. सूत्रों ने ये भी बताया कि ये प्रस्ताव 1 जनवरी 2022 से चलन में आएगा और खासकर ई-कॉमर्स कंपनियां जो फूड डिलीवरी कर रही हैं, उनके बिजनेस के लिए ये नियम लागू होगा. हालांकि एक बात ध्यान रखने वाली है कि जब ऐसी कंपनियां अपना जीएसटी रिटर्न फाइल करेंगी तो उनको इनपुट टैक्स क्रेडिट का फायदा नहीं मिलेगा. लंबे समय से ई-कॉमर्स कंपनियां जो फूड डिलीवरी सेक्टर में हैं, मांग कर रही हैं कि उनकी सेवाओं को रेस्टोरेंट सर्विसेज की तरह ही ट्रीट किया जाए या देखा जाए. इसके बारे में सूत्रों से पता चला है कि जीएसटी काउंसिल की फिटमेंट कमिटी ने इस चार्ज में कटौती के प्रस्ताव को विस्तार से देखा और समीक्षा की है.

# एचसीएलटेक ने कार्यक्रम टेक बी के लिए आवेदन किये आमंत्रित

**नोएडा.**

प्रमुख वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनी एचसीएलटेक ने घोषणा की है कि वह अपने टेक बी कार्यक्रम के लिए आवेदन आमंत्रित कर रहा है, जो छात्रों को कक्षा 12 के बाद अपने करियर की शुरुआत करने का अवसर प्रदान करेगा। यह कार्यक्रम पूरे भारत के छात्रों के लिए खुला है। चयनित उम्मीदवारों को 12 महीने की प्रशिक्षण प्रक्रिया से गुजरना होता है। सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा करने के बाद, उन्हें कंपनी में पूर्णकालिक नौकरी दी जाती है और वे प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे बीआईटीएस पिलानी, ट्रिपल आईटी कोट्टायम, एसएएसटीआरए विश्वविद्यालय और एमिटी विश्वविद्यालय ऑनलाइन से पार्ट-टाइम उच्च शिक्षा भी प्राप्त कर सकते हैं।

गणित या व्यवसाय गणित में पृष्ठभूमि रखने वाले छात्र तकनीकी भूमिकाओं के लिए आवेदन करने के योग्य हैं। अब तक के आठ वर्षों में, टेक बी कार्यक्रम के सफल छात्रों ने कंपनी में डिजिटल इंजीनियरिंग, क्लाउड, डेटा साइंस और ए.आई. जैसी भूमिकाओं में काम किया है। योग्य अंक, वित्तीय सहायता और काउंसलिंग के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया www. hcltechbee.com पर जाएं। सीनियर वाइस प्रेसीडेंट, सुब्बारमन बालसुब्रमण्यम कहते है, "2017 से, टेक बी कार्यक्रम ने हजारों छात्रों को प्रशिक्षित किया है, उन्हें नौकरी से जुड़ी कौशल और अवसर प्रदान किए हैं, ताकि वे प्रमुख वैश्विक ब्रांड्स के लिए परियोजनाओं पर काम करते हुए अपनी शिक्षा जारी रख सकें।

# भारत में क्रिप्टो को तेजी से अपना रहे लोग

## सख्ती के बावजूद ट्रेंड में डिजिटल करेंसी

**नई दिल्ली.**



भारत में क्रिप्टोकरेंसी को बड़ी ही तेजी से अपनाया जा रहा है. इस दौड़ में अब बड़े महानगरों के साथ छोटे कस्बे भी शामिल हो गए हैं. कॉइनस्विच की एक रिपोर्ट से इस बात का खुलासा हुआ है कि गुजरात के बोटाड व असम के बारबका से लेकर जालंधर, कांचीपुरम, पटना समेत भारत के कई अन्य कस्बों में भी अधिकतर 35 वर्ष या उससे कम उम्र के लोगों के बीच क्रिप्टो को लेकर आकर्षण बढ़ रहा है. खासकर डिजिटल परिसंपत्तियों के लेनदेन में इसका इस्तेमाल अधिक होने लगा है. कॉइनस्विच इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट बालाजी श्रीहरि ने टाइम्स ऑफ इंडिया से कहा, ''क्रिप्टो करेंसी का उपयोग पहले केवल महानगरों तक ही सीमित था, लेकिन अब देश के कई छोटे-बड़े कस्बों में भी लोग इन्हें अपनाने लगे हैं. इससे पता चलता है कि लोग इन्हें तेजी से अपना रहे हैं. उन्होंने आगे कहा, ''भारत में दो करोड़ से अधिक लोग क्रिप्टोकरेंसी का उपयोग करते हैं. इनमें से अधिकांश 35 साल से कम उम्र के हैं.

डिजिटल एसेट्स को खरीदने में अब निवेशक मीम कॉइन से लेकर लेयर-1 (बिटकॉइन और एथेरियम) और डेफी टोकन जैसे डिजिटल करेंसी का इस्तेमाल करने लगे हैं. स्थानीय निवेशक मीम कॉइन को खरीदने में अधिक रुचि दिखा रहे हैं. इनमें सबसे अधिक ट्रेंड करने वाली करेंसी बन गई है. हालांकि, भारत में क्रिप्टो करेंसी को लेकर सख्ती भी बरती जा रही है, जैसे कि इसके इस्तेमाल पर टैक्स लगाया जा रहा है. बावजूद इसके क्रिप्टो एक्सचेंज में भारतीयों की होड़ लगी हुई है. मौजूदा समय में क्रिप्टो से होने वाले लेन-देन से जो भी आय हो रहा है उस पर सरकार ने 30 फीसदी तक टैक्स लगा रखा है, क्रिप्टो की गतिविधियां कम करने के लिए लगातार विचार-विमर्श भी चल रहा है.

# बस्तर ओलंपिक नई उम्मीदों की नींव डालने का काम करेगा: शाह



**रायपुर.** छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में बस्तर ओलंपिक समापन समारोह के दौरान बतौर मुख्य अतिथि अपनी मौजूदगी दर्ज करते हुए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने प्रदेशवासियों के सामने स्पष्ट किया कि, 'बस्तर ओलंपिक पूरे बस्तर के सभी सातों जिलों की उम्मीदों की पहचान बनने वाला है। बस्तर ओलंपिक आने वाले दिनों में बस्तर के विकास की यशगाथा लिखने वाला और नक्सलवाद पर अंतिम प्रहार करने वाला है।

बस्तर ओलंपिक इस क्षेत्र में शांति, सुरक्षा, विकास और नई उम्मीदों की नींव डालने का काम करेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में आज बस्तर बदल रहा है। नक्सलवाद का गढ़ बस्तर में जब 2026 में बस्तर ओलंपिक का आयोजन होगा तब पूरा देश कहेगा कि बस्तर बदल गया है। 'बदल रहा से बदल गया है' की प्रक्रिया में बस्तर ओलंपिक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला है। जब बस्तर की एक बच्ची ओलंपिक में पदक जीतेगी, वो पूरी दुनिया को संदेश होगा कि हिंसा रास्ता नहीं है बल्कि विकास रास्ता है। बस्तर ओलंपिक से प्रेरणा लेकर युवा गलत रास्ते के बजाए मुख्यधारा को चुनने का काम करेंगे। नक्सलवाद की पोषक रही कांग्रेस के जमाने में बस्तर में बिजली नहीं होती थी, पानी नहीं होता था, भुखमरी थी, स्कूल जला दिए गए थे और दवाखाने के साथ-साथ अस्पताल बंद होते थे। पिछले एक साल में मोदी जी के नेतृत्व और अमित शाह के मार्गदर्शन में प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने बस्तर में विकास की नई कहानी लिखने का काम किया है। नक्सलवाद के खिलाफ अभियान तेज हुआ और एक साल के अंदर 287 नक्सली मारे गए, लगभग 1,000 नक्सली गिरफ्तार हुए और 837 ने आत्मसमर्पण किया। बीते पाँच सालों में शाह की रणनीतियों के तहत नक्सलवाद के खिलाफ दोनों मोर्चे पर काम हुआ है।


# विशाल मेगा मार्ट-साई लाइफ साइंसेज की बंपर एंट्री


**नई दिल्ली.**

विशाल मेगा मार्ट के शेयर आज स्टॉक मार्केट में लिस्ट हो गए हैं और इस कंपनी ने शेयर बाजार में धमाकेदार एंट्री की है. विशाल मेगा मार्ट के शेयरों की लिस्टिंग एनएसई पर 104 रुपये पर हुई है जो कि 33.33 फीसदी का प्रीमियम है जबकि इसके आईपीओ का इश्यू प्राइस 78 रुपये प्रति शेयर पर था. इसके अलावा विशाल मेगा मार्ट के शेयर बीएसई पर 41 फीसदी प्रीमियम के साथ 110 रुपये प्रति शेयर पर लिस्ट हुए हैं. विशाल मेगा मार्ट के शेयरों की लिस्टिंग के बाद इसके शेयरों में शानदार उछाल देखा जा रहा है और ये 11.19 रुपये के ऊपरी स्तर तक पहुंच गया था. इस लिहाज से इसमें 42 फीसदी से ज्यादा की तेजी देखी जा रही है. विशाल मेगा मार्ट के आईपीओ को 27.28 गुना का बंपर सब्सक्रिप्शन मिला था और ये इश्यू 11 दिसंबर से 13 दिसंबर के बीच खुला था. इश्यू में कोई नए शेयर जारी नहीं किए गए और सभी शेयर ऑफर फॉर सेल थे. साई लाइफ साइंसेज के शेयरों की आज लिस्टिंग हुई है और इसमें एनएसई पर 18.4 फीसदी की बढ़त के बाद 650 रुपये पर लिस्टिंग देखने को मिली. इसके अलावा बीएसई पर साई लाइफ साइंसेज के शेयरों की लिस्टिंग 20.21 परसेंट प्रीमियम के साथ हुई है और ये 660 रुपये प्रति शेयर पर लिस्ट हुआ है. साई लाइफ साइंसेज के आईपीओ में इश्यू प्राइस 549 रुपये प्रति शेयर पर था. साई लाइफ साइं सेज के इनीशियल पब्लिक ऑफिर (आईपीओ) को शेयर बिक्री के तीसरे और आखिरी दिन यानी बीते शुक्रवार तक 10.26 गुना सब्सक्रिप्शन मिला था. कंपनी के आईपीओ में 950 करोड़ रुपये के फ्रेश शेयरों और 2092 करोड़ रुपये के 3.81 करोड़ शेयर ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) के जरिए बेचे गए थे. इसके लिए प्राइस बैंड 522-549 रुपये प्रति शेयर तय किया गया था.

# मोदी सरकार देगी किसानों को सौगात

**नई दिल्ली.** किसानों के चल रहे आंदोलन के बीच सरकार को संसदीय समिति ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के तहत किसानों को दी जाने वाली रकम की लिमिट को सालाना 6000 रुपये से बढ़ाकर 12000 रुपये सलाना करने का सुझाव दिया है. कृषि मंत्रालय से जुड़ी संसदीय समिति के अध्यक्ष चरणजीत सिंह चन्नी की अध्यक्षता वाली स्टैंडिंग कमिटी ने सरकार को अपनी सिफारिशें सौपी है. मंगलवार 17 दिसंबर 2024 को लोकसभा में कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय को लेकर चरणजीत सिंह चन्नी ने 18वीं लोकसभा का पहला डिमांड फॉर ग्रांट्स पेश किया.




१- श्रद्धा सबुरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड़ लॉटरी, झासीरानी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
७- प्रवीण लॉटरी महाराष्ट्र बैंक मुंजे चौक सीताबर्डी
८-मयूरी लॉटरी, आकाशवाणी चौक
९-माँ आंबे लॉटरी, आगाराम देवी
१०- नितिन लॉटरी, रामबाग कॉलोनी, मेडिकल चौक
११-दिलीप लॉटरी, नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१२ श्री गणेश लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१३-शुभम लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१४ श्री गजानन लॉटरी झेंडा चौक, महाल
१५-आशीष लॉटरी शाहिद चौक, इतवारी
१६- ख्वाजा लॉटरी कमाल टॉकीज़, कमाल चौक
१७- वैभव लॉटरी इंदौरा चौक लष्करी बाग
१८-चिकटे लॉटरी सक्करदरा चौक
१९- ओमसाई लॉटरी,महाकाळकर बिल्डिंग, छोटा ताजबाग
२०- गुरुदेव लॉटरी , गांधीचौक चंद्रपुर
२१-गजानन लॉटरी, अकोला
22- प्रेम लॉटरी सेंटर, कमाल चौक
23- नारायण लॉटरी, शहीद चौक, इतवारी
24- महावीर लॉटरी, बाजार चौक, कलमेश्वर

प्रविण कडू : 9822472123

## सुविचार

जो बदला जा सके उसे बदलो, जो बदला न जा सके उसे स्वीकारो और जो स्वीकारा न जा सके उससे दूर हो जाओ लेकिन स्वये को हमेशा खुश रखो।

## संपादकीय

# बेहतर तालमेल के संकेत

❒ श्रीलंकाई राष्ट्रपति अनुरा दिसानायके ने अपनी पहली विदेश यात्रा के लिए भारत को चुनकर जो संदेश देना चाहा, वह नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य नेताओं के साथ हुई उनकी बातचीत के दौरान स्पष्ट रूप में रेखांकित हुआ। सबसे बड़ी और ध्यान खींचने वाली बात यह रही कि श्रीलंकाई राष्ट्रपति ने साफ शब्दों में नई दिल्ली को आश्वस्त किया कि वह श्रीलंका की जमीन का इस्तेमाल भारत के हितों के खिलाफ नहीं होने देंगे। यह आश्वासन इस मायने में अहम है कि श्रीलंका के हंबनटोटा पोर्ट में बैलिस्टिक मिसाइलों को ट्रैक और सपोर्ट करने वाले चीनी जहाजों का खड़ा होना भारत के लिए चिंता का विषय रहा है। फिलहाल जरूर श्रीलंका ने इन जहाजों के आने पर रोक लगा रखी है, लेकिन इस रोक की समयसीमा अगले साल की शुरुआत में ही समाप्त होने वाली है। देखना होगा कि दिसानायके सरकार भारत से किए अपने इस वादे को आगे किस तरह से पूरा करती है। खास बात यह कि इस यात्रा में दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ाने के दीर्घकालिक नजरिये की झलक मिली। श्रीलंकाई राष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि भारत ने मुसीबत के समय उनके देश की जिस तत्परता से मदद की वह महत्वपूर्ण है और वह चाहते हैं कि भारत की मदद जारी रहे। इस संदर्भ में संयुक्त बयान की यह बात अहम हो जाती है कि दोनों नेताओं ने हिंद महासागर क्षेत्र में साझा हितों को लेकर पैदा होने वाली पारंपरिक और गैरपारंपरिक चुनौतियों का मिलकर सामना करने और इस क्षेत्र को 'मुक्त, खुला व सुरक्षित' बनाए रखने की प्रतिबद्धता जताई। दिसानायके अगले महीने चीन की यात्रा पर जाने वाले हैं। चीनी कर्ज का जो बोझ आज भी श्रीलंका पर है, उसके मद्देनजर उन्हें चीन और भारत के बीच संतुलन बनाए रखते हुए ही बढ़ना होगा। देखने वाली बात यह होगी कि इस क्रम में वह भारत की चिंताओं को किस तरह से और किस हद तक प्राथमिकता में बनाए रखते हैं। दोनों देशों के बीच बढ़ती करीबी का एक संकेत यह तथ्य भी है कि बदले हालात में दोनों पक्ष एक-दूसरे की मुश्किलों का ख्याल रखते हुए आगे बढ़ रहे हैं। इसका एक उदाहरण तमिल मुद्दे पर भारत के पुराने रुख में दिखा लचीलापन भी माना जा सकता है। भारत ने यह उम्मीद जरूर दोहराई कि श्रीलंका संविधान पर पूरी तरह अमल करते हुए प्रॉविंशियल काउंसिल के चुनाव कराएगा, लेकिन बयान में संविधान के 13वें संशोधन के जिक्र से बचा गया, जिसके मुताबिक तमिल अल्पसंख्यकों को ताकत देने की बात है। यह घरेलू मोर्चे पर दिसानायके सरकार के लिए राहत की बात मानी जा रही है।

## व्यंग्य
**सुशील यादव**

# नास्त्रेदमस और मैं...

❍ जनाब नास्त्रेदमस ने सन बावन, यानी उन्नीस सौ बावन के बैसाख दसवी तिथि को मध्यभारत इलाके में पैदा हुए किसी शख्श का जिक्र नहीं किया अफसोस। वे चाहते तो कर सकते थे। इस इलाके में पैदा हुआ शख्श, एक दिन साहित्य की आकाशगंगा का भव्य सूरज होगा? इसके चारों तरफ फेसबुकिया संसार का हजारों की तादात में लाइक और कमेन्ट जैसा माहौल होगा। इसके लिखे को न चाहते हुए भी लाखों लोगों को कुनैन की गोली माफिक गुटकना, पढ़ना होगा। एक समय, राष्ट्रीय स्तर पर आकलन या स्टेटिस्टिक्स पर शोध करने वाले आश्चर्य करंगे की हाड-मॉस का एक ऐसा भी शख्श अवतरित हुआ था, जिसने बाहुबली से ज्यादा ख्याति अर्जित की। उसके सारे रिकार्ड तोड़ दिए। पुरुस्कारों की झड़ी लगी रहती।लौटाने का कोई मौक़ा हाथ लगता तो फक्र से कहते, अरे नत्थू, देख तो आले में कहीं भजन मण्डली ने पिछले साल फाग लेखन पर जो दिया था, उसे साफ-आफ कर, उसे लौटा के गौरव प्राप्त कर लें। जनाब नास्त्रेदमस, शायद साहित्य साइड के नहीं थे। हिंदी साहित्य की तरफ उनके समकालीनों ने, उनका ध्यान नहीं खीचा तुलसी, रसखान या उर्दू के मियाओं ने उनको प्रभावित करने की बजाय या तो अपने ईस्ट देव में डूबे रहे या बेवड़े राजाओं की जी हुजूरी चापलूसी में लगे रहे। बहरहाल ध्यान खींचा जाना चाहिए था। आज आलम दूसरा कुछ होता। ये सारे विश्व की भाषा होती। कई बार इस कमी पर हिन्दी दिवस में ये बात कहने की इच्छा होती है। खैर ये दीगर बात है।हाँ तो उस जमाने में गूगल टाइप के उपयोगी तंत्र ईजाद नहीं हुए थे। चट खोला,बोला और हो गया,वाला वो जमाना ही नहीं था। तब बात जूं की तरह, 'इलाक़ा ऐ ख़ास' में रेंग कर जाती थी। अगर हिन्दी दिग्गज विव्दानो को पाच सौ साल बाद की तरक्की का मालुम होता तो वे अपने किये को उनके मार्फत विज्ञापित अवश्य करवा लेते। नास्त्रेदमस कहते अमुक के लिखे का दो सौ सालों बाद पाठ कर ले तो मोक्ष मार्ग प्रशस्त हो जाएगा। हमारे योग आले बाबा दम थोक के कहते हैं उनके सरसों तेल में कोई मिलावट नहीं है ,बतर्ज यही वे कहते ,इनकी लेखनी में सारा दम है ,शुद्ध है ,श्रेष्ठ है। इसमें प्रेयसी से लेकर प्रभु और राजा से अफसर को गाठने की अद्भुत क्षमता है।वे हिंदी में हजार कहानी, सौ-सौ से ज्यादा पुस्तक लिखने वालो को रत्ती भर वजन नहीं दिया।

इससे हिंदी की अपार क्षति हुई।भूगोल ,इतिहास ,राजनीति तक केन्द्रित रहे। इसी को अपने "भविष्य-वाणी " का विषय चुना। इन विषयों की भविष्य-वाणियाँ बहुत ही माकूल बैठती है। ऐसी कई की विषयों की भविष्यवाणी की घोषणा हम यहीं से आज बैठे-बैठे कर सकते हैं।आज से पचास साल बाद दुनिया के पश्चिम इलाके में जबर्दस्त सुनामी विपदा आएगी जिसमे जन-धन की भारी क्षति का जोरों से अनुमान लगाया जा सकता है। दुनिया में कुछ आतंकी, इतने तूफान मचाएंगे जो दस हरिकेन की ताकत से ज्यादा होंगी।एक पुच्छल तारा टूटकर धरती से टकराने को मचलेगा मगर दैनिक वेतन भोगी नासा के नौसिखिये उसका तोड़ निकालने में कामयाब हो जाएंगे।फतवा देबे वाले एक धर्मगुरु को छै- तलाक का डबल डोज देके, उसकी ब्याहता बैठ जायेगी। मेरे ख्याल से जनाब नास्त्रेदमस ने "जिसकी लाठी उसकी भैस" जैसी आजकल की विज्ञापन फिल्मो का अंदाजा नहीं किया हो. अन्यथा इस विषयक उनकी बात अखबारों में जरूर खुलती।वे भैस ,गाय ,पशु ,चारा की मिक्स्चर राजनीति पर भी अनुमान लगाते और जरूर कुछ बोले होते ,बशर्ते चौरासिया नुमा कोई मीडिया वाला ,जो उन दिनों नहीं पाये जाते थे ,उनपे बलात टिप्पणी का उनपे दबाव बनाते।

## व्यंग्य
**सुशील यादव**

# बुंदेली भासा को बिकास

❍ भासा अभिब्यक्ति को एक ऐसो समर्थ साधन हैगो जेके माध्यम से मनुस्य अपने बिचारों हे दूसरों से पिरकट कर सकत है और दूसरों के बिचार जनना सकत है। संसार में कईठो भासाएँ हैं। जैसे- हिन्दी, संस्किरित, अंगरेजी, बँगला, गुजराती, पंजाबी, उर्दू, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़, फिरैंच, चीनी, जर्मन आदि। कई नगर गाँब एसे हैंगे जितै मानक भासा को पिरयोग कम होत है, उतै बोली को बरचस्ब है। जैसे उत्तर पिरदेस में भोजपुरी, बिहार में बिहारी, मध्ध पिरदेस में बुन्देली, खड़ी बोली, केबल बोली को नावँ सुनके बता सकत हैं कि बा कहाँ बोली जात है। जब बोली इतनी समरिद्ध हो जात है कि बा में साहित्य, उपन्नास, लिखे जान लगें और कुछु राजकीय कार भी होन लगैं तो समझलो कि बा बोली भासा को दरजा पा सकत है। मनो जा के सांत सांत जो भी जरूरी है कि बड़ी संख्या में लोग बा बोली को पिरयोग करें। जित्तो जादा बाको पिरयोग हूहै, बा बोली को बिकास भी तेजी से होत जा है। भासा दो पिरकार की होत हैं, मौखिक भासा। लिखित भासा। आमने-सामने बैठे लोग एकदूसरे से बातचीत करत हैं या कोई बियक्ती भासन आदि से अपने बिचार पिरकट करत है तो बा भासा को मौखिक रूप कैलात है।

## संपादकीय

**संयम श्रीवास्तव**

# कितनी गंभीर है प्रियंका गांधी की बांग्लादेश के प्रति सहानुभूति?

❒ कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी संसद में अपने बैग्स को लेकर चर्चा में बनी हुईं हैं. उनके बैग्स हर रोज कुछ न कुछ राजनीतिक संदेश लिए होते हैं. पहले दिन उन्होंने अडानी और पीएम नरेंद्र मोदी के रिश्ते को,टार्गेट किया, दूसरे दिन पेलेस्टाइन लिखा हुआ बैग लेकर संसद पहुंची. जाहिर है बीजेपी को दोनों ही दिन उनका रवैया ठीक नहीं लगा. बीजेपी ने विरोध किया था और कहा था कि प्रियंका और कांग्रेस को बांग्लादेश के हिंदुओं का दर्द नहीं दिखता है. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तो यहां तक कह दिया कि उन्हें उत्तर प्रदेश के इजरायल गए 5600 युवाओं की चिंता नहीं है. शायद यही कारण था कि कांग्रेस नेता मंगलवार को संसद में बांग्लादेश के हिंदुओं और ईसाइयों के समर्थन वाला बैग लेकर पहुंचीं. इस बैग पर लिखा था- 'बांग्लादेश के हिंदुओं और ईसाइयों के साथ खड़े हो.'



प्रियंका गांधी ने मंगलवार को बांग्लादेशी हिंदुओं के प्रति जो सहानुभूति दिखाई उसे उनके विरोधी ड्रामा करार दे रहे हैं. दरअसल प्रियंका गांधी जिस तरह से फिलिस्तीन और गाजा को लेकर आवाज उठाती रही हैं ,उस तरह उन्होंने कभी बांग्लादेश के हिंदू पीड़ितों के लिए आवाज नहीं उठाई. कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी सोमवार को संसद में फिलिस्तीन के समर्थन वाला एक बैग लेकर पहुंची थी. इस पर लिखा था 'फिलिस्तीन आजाद होगा'. हैंड बैग पर शांति का प्रतीक सफेद कबूतर और तरबूज भी बना था. इसे फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता का प्रतीक माना जाता है. पर ऐसा पहली बार नहीं कि प्रियंका गांधी ने फिलिस्तीन का समर्थन किया है. इजरायल के हमले के दौरान भी लगातार वो ट्वीट करके फिलिस्तीन पीड़ितों के लिए अपनी संवेदना प्रकट करती रही हैं. हाल ही में भारत में आए फिलिस्तीन के राजदूत आबेद एलरजेग अबू जज़ीर से भी मुलाकात की थी. फिलिस्तीनी राजदूत ने भी प्रियंका गांधी को वायनाड लोकसभा चुनाव में जीत की बधाई दी थी. कुल मिलाकर प्रियंका गांधी जिस तरह से फिलिस्तीनियों के लिए खड़ी नजर आती है उसमें उनकी मदद करने की बेचेनी दिखती है. इसके ठीक उलट बांग्लादेशी हिंदुओं के लिए जो उन्होंने लिखा या कभी बोला वो केवल एक औपचारिकता निभाना ही दिखता रहा है. जून 2024 में भी प्रियंका ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की आलोचना की थी. तब उन्होंने कहा था कि गाजा में इजराइल सरकार ने क्रूरतापूर्वक नरसंहार किया है.प्रियंका ने एक्स पर लिखा था- सही सोच रखने वाले हर व्यक्ति और दुनिया की हर सरकार की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि वे इजराइल सरकार के नरसंहार की निंदा करें और उन्हें रोकने के लिए मजबूर करें.इसी साल अक्टूबर में हमास और इजराइल के बीच शुरू हुई जंग को एक साल पूरे होने पर भी प्रियंका गांधी ने इजराइल पर निशाना साधा था. गाजा में बढ़ती मौतों के बीच प्रियंका ने इजराइल पर हमला बोला था.वायनाड में चुनाव लड़ते समय भी लगातार प्रियंका गांधी ने फिलिस्तीन का मुद्दा उठाया था. इस तरह की बेचैनी बांग्लादेशी हिंदुओं के लिए उन्होंने कभी नहीं दिखाई.

हालांकि मंगलवार को बैग पर बांग्लादेशी हिंदुओं और ईसाइयों के लिए सहानुभूति दिखाने वाली प्रियंका ने लोकसभा में सोमवार को भी इस मुद्दे की चर्चा की थी. प्रियंका गांधी ने प्रश्नकाल में कहा कि मैं सबसे पहले जिस मुद्दे पर चर्चा करना चाहती हूं, वह यह है कि इस सरकार को बांग्लादेश में हिंदू और ईसाई अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए, उनसे बातचीत करनी चाहिए और उनका समर्थन करना चाहिए. प्रियंका ने कहा- बांग्लादेश में जो कुछ भी हो रहा था, बांग्लादेश के लोगों, हमारे बंगाली भाइयों और बहनों की आवाज कोई नहीं सुन रहा.

## बाल कहानी
**सार्थक देवांगन**

# अपराध की सजा

❒ एक बार की बात है एक गांव में मोलू नाम का आदमी था। गांव के सभी लोग उसकी बहुत इज्जत करते थे। क्योंकि वह गांव में सबसे बड़ा था। उसे कोई कुछ नहीं कह पाता था। उसके खिलाफ कोई नहीं जाता था। लेकिन मोलू इस बात का फायदा उठाता था। वह अपनी गलती कभी मानता ही नहीं था। उसकी वह बात कुछ लोगों को पसंद नहीं थी। वे हमेशा उनके खिलाफ रहते थे लेकिन गांव में मोलू के पक्ष में ज्यादा लोग होने के कारण उनकी बात दब जाती थी। और तो और उनको गांव वालों से भला बुरा भी सुनना पड़ता था।एक दिन की बात है मोलू ने एक गोलू नाम के आदमी के घर की बिजली की तार कटवा कर, अपने घर लगवा ली। ताकि बिल गोलू के नाम आये और बिजली मोलू को मिले। जब बिजली विभाग का कर्मचारी महीने समाप्त होने के बाद बिल देने गोलू के घर आया तब गोलू ने कर्मचारी को बताया कि उसके घर में एक महीने बिजली नहीं आ रही है। फिर यह बिल किसलिये? विभाग के कर्मचारी ने बताया कि आपका बिजली मीटर तो चल रहा है। और तभी गोलू कि नजर उसके घर के मुख्य बिजली लाइन की तार कि ओर पड़ी तब उसने देखा कि तार तो कटा हुआ है। तो बिजली का मीटर चल कैसे रहा है। तब उसने कर्मचारी को बोला - क्या आप उसे देखने का कष्ट करेंगे?

तब उसने देखा की गोलू के घर की तार काट कर मोलू अपने घर पर लगवाकर चला रहा है और इसी कारण से गोलू के घर पर बिजली ना होने से भी बिजली मीटर चालू है। तभी तुरंत गोलू ने सभी गांववासियों को इकट्ठा किया और सभी को बताया की मोलू ने कैसे उसके घर से बिजली की चोरी की। और अब अपनी बात मानने को तैयार नहीं है। और इस बार उसने सबूत के लिए बिजली वाले को भी अपने साथ लाया था। और उसने जब यह बात गांव वालों को बताई तब भी गांव वाले यह बात मानने के लिए तैयार नहीं थे। लेकिन जब बिजली वाले ने यह बात सभी को बताई तब कुछ गांव वालों ने उनकी बातों पर विश्वास किया। लेकिन इस बार भी मोलू के समर्थक अधिक लोग थे और मोलू को बेगुनाह साबित करना चाहते थे। और इस बार भी वही हुआ जैसा कि हमेशा होता था। मोलू के समर्थन में ज्यादा लोग रहने से मोलू फिर से बच गया। इस बार गोलू ने ठान ली की वह मोलू का पर्दाफाश करेगा चाहे उसके लिए उसे कुछ भी करना पडे। थोडे दिनों के बाद एक दिन गोलू अपने घर के बाहर खड़ा था तभी अचानक उसकी नजर बैंक पर पड़ी जो कि ठीक गोलू और मोलू के घर के सामने है। तब वह तुरंत अपने कुछ मित्रों को बताया और बुलाया और कहा कि बैंक पर सी सी टीवी कैमरा लगी हुई है जिससे हमें पता चल जाएगा कि मोलू ने उस दिन क्या किया और हम उसकी इस कारस्तानी का फूटेज गांववासियो को दिखाएंगे। गाव वाले भी जान जायेंगे कि मोलू बिजली चोर है। वह अपने साथियों के साथ बैंक प्रबंधक से मिलकर फूटेज मांग लाया।

मोलू की चोरी पकडी गई परंतु गोलू और उसके साथियों ने किसी को बताया नहीं। गांव के लोगों को आज रात आठ बजे पिक्चर देखने के लिए इकट्ठा होने का निमंत्रण दे दिया। ठीक रात आठ बजे पिक्चर शुरू हो गई। भीड़ इकट्ठी होते ही पिक्चर के बीच मोलू की बिजली चोरी वाले हरकत की वीडियो पूरे गांव वालों ने देख लिया। गांव के लोग हैरान हो गये। सामने कुर्सी लगाकर बैठा मोलू पसीना पसीना हो गया। गांववासी क्रोधित हो उठे। मोलू भाग भी नहीं सकता था। वह माफी मांगने लगा। गांव के सरपंच ने सजा सुना दी। तीन महीने तक उसके घर के बिजली से गोलू के घर को रोशन करने को कह दिया। गलती छिप सकती है अपराध नहीं। गांव के सभी लोगों की नजर में मोलू की इज्जत धूल धूसरित हो गई। थोड़े से लालच ने जिंदगी भर की बनी बनाई इज्जत पर पलीता लगा दिया।

## गुरुवार स्पेशल




स्वर्ण मंदिर (जिसे हरमंदिर साहिब (शाब्दिक रूप से 'भगवान का घर', पंजाबी उच्चारण:) या दरबार साहिब, (शाब्दिक रूप से 'उच्च दरबार', या सुवरन मंदिर) भारत के पंजाब के अमृतसर शहर में स्थित एक गुरुद्वारा है। यह सिख धर्म का प्रमुख आध्यात्मिक स्थल है। यह सिख धर्म के सबसे पवित्र स्थलों में से एक है, करतारपुर में गुरुद्वारा दरबार साहिब करतारपुर और ननकाना साहिब में गुरुद्वारा जन्म स्थान के साथ। मंदिर स्थल पर मानव निर्मित कुंड का निर्माण चौथे सिख गुरु, गुरु राम दास ने 1577 में पूरा किया था। 1604 में, पांचवें सिख गुरु, गुरु अर्जन ने स्वर्ण मंदिर में आदि ग्रंथ की एक प्रति रखी और इसके विकास में एक प्रमुख व्यक्ति थे।

गुरुद्वारे को उत्पीड़न का लक्ष्य बनने के बाद सिखों द्वारा बार-बार पुनर्निर्माण किया गया था और मुगल और हमलावर अफगान सेनाओं द्वारा कई बार नष्ट कर दिया गया था। महाराजा रणजीत सिंह ने सिख साम्राज्य की स्थापना के बाद, इसे 1809 में संगमरमर और तांबे में पुनर्निर्मित किया और 1830 में गर्भगृह को सोने की पत्ती से मढ़ दिया। इसके कारण इसका नाम स्वर्ण मंदिर पड़ा। स्वर्ण मंदिर आध्यात्मिक रूप से सिख धर्म का सबसे महत्वपूर्ण तीर्थस्थल है। यह 1883 और 1920 के दशक के बीच सिंह सभा आंदोलन और 1947 और 1966 के बीच पंजाबी सूबा आंदोलन का केंद्र बन गया। 1980 के दशक की शुरुआत में, गुरुद्वारा भारत सरकार और जरनैल सिंह भिंडरावाले के नेतृत्व वाले कट्टरपंथी आंदोलन के बीच संघर्ष का केंद्र बन गया।

1984 में, प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी ने ऑपरेशन ब्लू स्टार के हिस्से के रूप में भारतीय सेना को भेजा, जिसके कारण हजारों सैनिकों, आतंकवादियों और नागरिकों की मौत हो गई, साथ ही गुरुद्वारे को काफी नुकसान पहुंचा और पास के अकाल तख्त को भी नष्ट कर दिया गया। 1984 में इस पर हुए हमले के बाद गुरुद्वारा परिसर का फिर से निर्माण किया गया। स्वर्ण मंदिर सभी लोगों के लिए, जीवन के सभी क्षेत्रों और धर्मों से, पूजा का एक खुला घर है। यह चार प्रवेश द्वारों वाला एक चौकोर प्लान है, और कुंड के चारों ओर एक परिक्रमा पथ है।

गुरुद्वारे के चार प्रवेश द्वार समानता में सिख विश्वास और सिख दृष्टिकोण का प्रतीक हैं कि सभी लोगों का उनके पवित्र स्थान में स्वागत है। परिसर गर्भगृह और कुंड के चारों ओर इमारतों का एक संग्रह है। इनमें से एक अकाल तख्त है, जो सिख धर्म के धार्मिक प्राधिकरण का मुख्य केंद्र है। अतिरिक्त इमारतों में एक घंटाघर, गुरुद्वारा समिति के कार्यालय, एक संग्रहालय और एक लंगर शामिल हैं- एक निःशुल्क सिख समुदाय द्वारा संचालित रसोईघर, जो बिना किसी भेदभाव के सभी आगंतुकों को शाकाहारी भोजन प्रदान करता है।

1,50,000 से अधिक लोग प्रतिदिन पूजा के लिए पवित्र मंदिर में आते हैं। गुरुद्वारा परिसर को यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल के रूप में नामित किया गया है, और इसका आवेदन यूनेस्को की अनंतिम सूची में लंबित है।

## कहानी
**सीमा राय**

# द्विविवाह

❒ विष्णुनगर के रामहर्ष तिवारी एक इंटर कालेज में संस्कृत विषय के लेक्चरार थे। उनके पास पुश्तैनी खेतीबाड़ी और जमीन-जायदाद बहुत अधिक थी। उनकी जमीन कई गाँवों तक फैली हुई थी। बिल्कुल भरा-पूरा घर था। कहीं कोई कमी न थी। तिवारी जी बड़े मृदुभाषी और निष्छल स्वभाव के पुरूष थे। सुबह-शाम नियमित रूप से गीता का पाठ करते। उनकी तिवराइन अंजलिका देवी भी उन्हीं की भांति अत्यंत सुशील, विनम्र और मृदुभाषी थीं। इतना सब कुछ होने पर भी पति-पत्नी काफी उदास और बुझे-बुझे से रहते। दिन-रात उन्हें बस एक ही चिंता खाए जा रही थी कि सारी उम्र निकल गई लेकिन अपने पास कोई संतान नहीं है। परमात्मा ने न जाने क्यों हमें कोई औलाद न दी। शायद पिछले जन्म में हमसे ही कोई खता हो गई। इस जन्म में ईश्वर हमें उसी गुनाह की सजा दे रहा है। हमारे भाग्य में निःसंतान ही मर जाना बदा है। लगता है पहाड़ जैसा यह बोझ अब हमारे साथ ही जाएगा।

आज-कल करते-करते पति-पत्नी धीरे-धीरे बुढ़ापे की ओर कदम बढाने लगे। उनके मन में काँटें की भांति हमेशा यही बात खटकती रहती कि धूप और बरसात में कड़ी मेहनत से कमाई गई इस अकूत दौलत का वारिश किसे बनाऊँ? इस दुनिया का दस्तूर अब ऐसा हो गया है कि लोग अपने जन्मदाता माता-पिता की सेवा करना ही पसंद नहीं करते तो ऐसे में भला हमारी सेवा कौन करने को राजी होगा? जब हम चलने फिरने लायक भी न रहेंगे तक हमें सहारा कौन देगा? यदाकदा संतान के बारे में सोचते-सोचते वे एक अजीब सी दुविधा में उलझकर रह जाते। वे कभी सोचते कि लाओ अपने किसी रिश्तेदार के बच्चे को गोद ले लें तो कभी सोचने लगते कि बड़ा होकर गोद लिया हुआ बच्चा हमारा आदर-मान करेगा भी या नहीं इसकी क्या गारंटी है।

इस जग में बच्चे जब अपने सगे मां-बा पके ही नहीं हो रहे हैं तो हमें कौन पूछेगा? पति-पत्नी बार-बार यही सोचते कि हम जिसे भी अपने धन का मालिक बनाएंगे वही एक न एक दिन हमें धोखा देगा। वह हमारे गाढ़े खून-पसीने की कमाई को अपनी मुट्ठी में करते ही तोते की तरह हमसे आँखें फेर लेगा। आज की आधुनिक युवा पीढ़ी कुछ कहने पर अपने मां-बाप को ही आँख दिखाने लगती है तो किसी दूसरे की औलाद का क्या भरोसा? आज-कल करते-करते पति-पत्नी धीरे-धीरे बुढ़ापे की ओर कदम बढाने लगे। उनके मन में काँटें की भांति हमेशा यही बात खटकती रहती कि धूप और बरसात में कड़ी मेहनत से कमाई गई इस अकूत दौलत का वारिश किसे बनाऊँ? इस दुनिया का दस्तूर अब ऐसा हो गया है कि लोग अपने जन्मदाता माता-पिता की सेवा करना ही पसंद नहीं करते तो ऐसे में भला हमारी सेवा कौन करने को राजी होगा? जब हम चलने फिरने लायक भी न रहेंगे तक हमें सहारा कौन देगा? यदाकदा संतान के बारे में सोचते-सोचते वे एक अजीब सी दुविधा में उलझकर रह जाते। वे कभी सोचते कि लाओ अपने किसी रिश्तेदार के बच्चे को गोद ले लें तो कभी सोचने लगते कि बड़ा होकर गोद लिया हुआ बच्चा हमारा आदर-मान करेगा भी या नहीं इसकी क्या गारंटी है। इस जग में बच्चे जब अपने सगे मां-बा पके ही नहीं हो रहे हैं तो हमें कौन पूछेगा? पति-पत्नी बार-बार यही सोचते कि हम जिसे भी अपने धन का मालिक बनाएंगे वही एक न एक दिन हमें धोखा देगा। वह हमारे गाढ़े खून-पसीने की कमाई को अपनी मुट्ठी में करते ही तोते की तरह हमसे आँखें फेर लेगा। आज की आधुनिक युवा पीढ़ी कुछ कहने पर अपने मां-बाप को ही आँख दिखाने लगती है तो किसी दूसरे की औलाद का क्या भरोसा?

आज- कल करते- करते पति-पत्नी धीरे-धीरे बुढ़ापे की ओर कदम बढाने लगे। उनके मन में काँटें की भांति हमेशा यही बात खटकती रहती कि धूप और बरसात में कड़ी मेहनत से कमाई गई इस अकूत दौलत का वारिश किसे बनाऊँ? इस दुनिया का दस्तूर अब ऐसा हो गया है कि लोग अपने जन्मदाता माता-पिता की सेवा करना ही पसंद नहीं करते तो ऐसे में भला हमारी सेवा कौन करने को राजी होगा? जब हम चलने फिरने लायक भी न रहेंगे तक हमें सहारा कौन देगा? यदाकदा संतान के बारे में सोचते-सोचते वे एक अजीब सी दुविधा में उलझकर रह जाते। वे कभी सोचते कि लाओ अपने किसी रिश्तेदार के बच्चे को गोद ले लें तो कभी सोचने लगते कि बड़ा होकर गोद लिया हुआ बच्चा हमारा आदर-मान करेगा भी या नहीं इसकी क्या गारंटी है।


# क्या आप अस्थमा दमा सांस रोग से परेशान हैं

❒ दमा सास या सास की बीमारी खासकर बारिश या ठंडी के मौसम में ज्यादा परेशान करती है कई लोगो को यह बीमारी कई सालो से लम्बे समय से होती है। ये लोग इसके लिए हमेशा आयुर्वेद में हिअ एलोपैथिक स्टेरॉइड, एंटीएलर्जिक मेडिसिन्स खाते रहते है परन्तु उनको केवल टेम्परारी रिलीफ हे मिलता है और तकलीफ नहीं छूटती। परन्तु आयुर्वेद एक ऐसा प्राचीन जीवनशास्त्र (लाइफ साइंस) एवं चिकित्सा शास्त्र (मेडिकल साइंस) है जिससे की सास जड़ से है की बीमारी में तुरंत आराम मिलता है एवं लम्बे समय तक कम दवाओं में बिना किसी साइड इफेक्ट्स के मरीज़ को आराम मिलता है बढ़ कुछ इलाज के बाद तो उनको दवाई भी लेने जड़ की जरुरत नहीं होती केवल कभी कभी ही तकलीफ होने पर होती है।

सास (अस्थमा) के रोगियों को चल रही रोगी आज कल चल रही कोरोना पान्डेमिक से भी ज्यादा सावधान रहने की ज़रूरत है क्यूंकि इन रोगियों को कोरोना आसानी से तकलीफ में डाल सकता है। आयुर्वेदिक उपचार में श्वास निवारण सिरप ,चित्रकहरीतकी, वासावलेह , स्पेशल श्वासाहर कैप्सूल ,तुलसी सृंग तुलसी प्लस स्ट्रांग सिरप, खोखो सिरप ,एलीनोज़ कैप्सूल इत्यादि से अस्थमा या सास की बीमारी में जल्दी आराम होते हुए देखा गया है। शिवशंकर आयुर्वेदिक चिकित्सालय सीताबर्डी टेम्पेल बाजार रोड। महाजन मार्किट में स्तिथ योग काम्प्लेक्स में एक ऐसा चिकित्सालय है जहा के अनुभवी डॉक्टर्स इस बीमारी अस्थमा ,श्वासरोग दमा का सटीक एकदम दुष्परिणाम विरहित इलाज करते है। जो रुग्ण पंप इन्हेलर्स का इस्तेमाल करते है उनके पंप लेने का प्रमाण धीरे धीरे काम होकर पूरी तरह से छूट भी जाता है। उनके अस्थमा अटैक्स कम होकर उनकी सेवेंटी भी कम हो जाती है। अस्थमा से पीड़ित इच्छुक रुग्ण 9112079000 / 8605245080 पर संपर्क स्थापित कर इस तकलीफ से आज भी छुटकारा पा सकते है।




सीताबर्डी स्तिथ शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी अथवा क्लिनिक में इन दूरध्वनि क्रमांकों पर संपर्क स्थापित करें. 9112079000 / 8605245080.



**नागपुर मेट्रो समाचार :** फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादकः इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

CMYK

# चंद्रपुर नगर निगम आयोजित करेगा 'भव्य राज्यस्तरीय दीवार पेंटिंग महोत्सव'

> व्यक्तिगत एवं समूह भागीदारी > शौकिया और पेशेवर चित्रकारों के लिए अवसर > प्रथम पुरस्कार 1 लाख 51 हजार रुपये

**चंद्रपुर, सुनील तायडे**


चंद्रपूर शहर महानगरपालिका, चंद्रपूर
मेरा शहर स्वच्छ और सुंदर हो | इसमे मेरा योगदान हो |
नाव :- भव्य राज्यस्तरीय भिंतीचीत्र महोत्सव २०२५
स्वरूप :- स्वच्छ भारत अभियान अंतर्गत शहर स्वच्छता आणि सौन्दर्यीकरण अभियान , स्वच्छ सर्वेक्षण २०२५ आणि माझी वसुंधरा अभियान ५.० अंतर्गत भव्य राज्यस्तरीय भिंतीचीत्र महोत्सव मध्ये कलागुणांना संधि देण्यासाठी दिनांक ०३/०१/२०२५ ते ०६/०१/२०२५ मध्ये भव्य राज्यस्तरीय भिंतीचीत्र महोत्सव होणार आहे. त्यामधे भिंतीचीत्र पेंटिंग स्पर्धा, वृक्ष पेंटिंग/ क्रिएटिव स्पर्धा आयोजित केलेल्या आहेत. वृक्ष पेंटिंग/ क्रिएटिव स्पर्धेमध्ये नेमून दिलेल्या झाडांचे पेंटिंग द्वारे सौंदर्यीकरण करणे

चंद्रपुर नगर निगम ने एक भव्य राज्य स्तरीय दीवार पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया है और इसमें राज्य भर के कलाकारों को शामिल करने का प्रयास किया जा रहा है। नये वर्ष में 3 जनवरी से 6 जनवरी के बीच आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में भित्तिचित्र चित्रकला, वृक्ष चित्रकला एवं रचनात्मक चित्रकला नामक 3 प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी। शहर के मुख्य हिस्से की दीवारों और पेड़ों पर विभिन्न विषयों पर चित्र बनाए जाएंगे और इसमें महाराष्ट्र राज्य के किसी भी शहर के निवासी भाग ले सकते हैं। चूँकि इसमें कोई आयु सीमा नहीं है, पेशेवर और शौकिया चित्रकार भी भाग ले सकते हैं और उत्कृष्ट पेंटिंग बनाने वाले कलाकारों को पुरस्कार दिया जाएगा।

इसी प्रकार वृक्ष चित्रकला प्रतियोगिता में भी निर्धारित वृक्षों को सुन्दर बनाने की आशा है। क्रिएटिव पेंटिंग प्रतियोगिता में सार्वजनिक स्थानों, आसपास उपलब्ध वस्तुओं और पौधों आदि का उपयोग करके कलात्मक पेंटिंग करना अपेक्षित है। रचनात्मक पेंटिंग करते समय शहर के सार्वजनिक स्थानों के परिवेश का उपयोग किया जा सकता है और उत्कृष्ट अवधारणा को महिमामंडित किया जा सकेगा।

### भित्ति चित्र प्रतियोगिता में पेशेवर चित्रकारों के लिए व्यक्तिगत श्रेणी और समूह श्रेणी

**पेशेवर चित्रकार समूह** -
1. पहला- 1 लाख 51 हजार रुपये
2. दूसरा- 1 लाख रुपए
3. तीसरा- 51 हजार रुपये
4. प्रोत्साहन - 10 पुरस्कार

**पेशेवर चित्रकार व्यक्तिगत** -
1. पहला- 71 हजार रुपये
2. दूसरा- 51 हजार
3. तीसरा- 31 हजार रुपये
4. प्रोत्साहन - 10 पुरस्कार

**वृक्ष चित्रकारी** -
1. पहला- 21 हजार रुपये
2. दूसरा- 15 हजार
3. तीसरा- 11 हजार रुपये

**क्रिएटिव पेंटिंग** -
1. पहला- 21 हजार
2. दूसरा- 15 हजार
3. तीसरा- 11 हजार

**भाग लेने के लिए पात्रता:** प्रतियोगियों के लिए पात्रता मानदंड इस प्रकार निर्धारित किये गये हैं कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतियोगी चित्रकला में पारंगत हों।
1. चित्रकारी शिक्षक
2. बढ़िया चित्रकारी
3. कला डिप्लोमा/एटीडी धारक या प्रवेशित/अध्ययनरत (प्रशिक्षु)
4. दीवार पेंटिंग/प्रतियोगिताओं में विजेताओं के प्रमाण पत्र
5. एक कला या पेंटिंग की दुकान या इसी तरह के प्रमाण की आवश्यकता है
6. ड्राइंग मास्टर (एटीडी)

**प्रतियोगिता विषय:**
1. स्वच्छ चंद्रपुर
2. स्वच्छ भारत
3. पर्यावरण संरक्षण
4. प्लास्टिक बैन
5. स्वच्छ हवा
6. साफ पानी
7. वर्षा जल संचयन
8. मेरी वसुन्धरा
9. सौर ऊर्जा का उपयोग
10. बैटरी चालित वाहन का उपयोग
11. चंद्रपुर का ऐतिहासिक गौरव
12. मलेरिया एवं डेंगू की रोकथाम
13. अमृत महोत्सव
14. 3R अपशिष्ट को कम करना, पुनः उपयोग करना और पुनर्चक्रण करना
15. सड़क सुरक्षा
16. यातायात नियमों का अनुपालन

# महावितरण का बिजली बिल उड़ा रहा है आम लोगों की नींद

> बिजली की रोशनी में 'आकार' नाम पर फर्जीवाड़ा
> आम जनता में चर्चा का विषय

**गोंडपिपरी**



एक तरफ जहां आम लोग महंगाई और स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ बिजली बिल सिरदर्द बनता जा रहा हैlबिजली बिल में दिन-ब-दिन बढ़ोतरी से आम लोगों में असंतोष का माहौल है l देखा जा सकता है कि आम आदमी के मनोवृत्ति बीज बिल के कारण बिघड रही है। महावितरण कंपनी ने 100 यूनिट तक बिजली खपत करने वाले ग्राहकों के लिए बिजली बिल 100 रुपये बढ़ाकर 125 रुपये कर दिया हैl 100 यूनिट तक बिजली खपत करने वालों के लिए अलग दर और उससे अधिक बिजली खपत करने वालों के लिए अलग दर है। इसकी तुलना में यह उम्मीद की जा रही थी कि 100 यूनिट तक बिजली की खपत करने वालों पर बिजली की कीमत में बढ़ोतरी का असर कम होगा, लेकिन महावितरण के पास 'कम' शब्द का विकल्प ही नहीं ऐसा देखाई दे रहा है l कूच्छ साल पहले 80 युनिट का बिल 350 से 450 तक आता था l अब उसी यूनिट का बिल 750 से 850 रुपये आ रहा है, इससे आम नागरिक काफी हद तक हैरान हैंl जबकि जनता यह जानने की मानसिकता में है कि बिजली दर में वृद्धि कैसे और किस लिए हो रही है की,ऐसे मे निश्चित राशि, बिजली राशि, कैरिंग राशि, ईंधन समायोजन राशि, बिजली शुल्क, बिजली बिक्री कर तथा ब्याज का ये मामका हर एक को परेशानी मे डाल रहा है l इस "आकार"की गुत्थी किसी को भी सूलज नहीं रही है। बिजली बिल रेट शीट मे हर माह राशियाँ बढ चडकर हि आती है lइसलिए, यह प्रकार भी ग्राहकों को भ्रमित कर रहा है। 30-30 दिनों के बाद बीजली बिल के विवरण में राशि बढ़ती जाती है, इसलिए "महावितरण के पास कोई जादू की छड़ी है क्या,जो जब चाहे नंबर बदल दे" ऐसा आम लोग उत्सुकता से बोलने लगे हैं। वस्तुतःहर राजनैतिक दलोंका यह वादा होता हे की, लोगों की हर समस्याओं का समाधान करेगी और गावं गावं ने विकास की गंगा लाएगीl क्या अब माई बाब सरकार बिजली बिल के चंगुल मे फसी आंम जनता को छुटकारा दीलायेगी? चंद्रपुर जिले मे बिजली उत्पादित होती है l फिर यहां के लोग बिजली बिल का बोझ क्यों उठाएं?इसका प्रमाण कोई दे सकता हैं?जिने के लिये रोटी कपडा और मकान की आवश्यकता है,ठीक उसि तरह हर इंसानको बिजली की आवश्यकता है l लेकीन बिजली मे हो रही बाढोत्तरी आम आदमी की जान खा रही है l इस बात पर स्थानीय जन प्रतिनिधियों को विचार करने की आवश्यकता है l

## स्कूली विद्यार्थियों के लिए मानव विकास की एसटी बसें निर्धारित समय पर शुरू करें...

> परिवहन प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष रूपेश टिकले की मांग



**गढ़चिरोली.**



मानव विकास मिशन के तहत स्कूली छात्रों के लिए बसें चल रही हैं। परंतु उक्त बसें विद्यार्थियों के स्कूल में निर्धारित समय पर नहीं चलने तथा बसों में विद्यार्थियों के अलावा अन्य यात्रियों के सफर करने से विद्यार्थियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा मानव विकास मिशन की कई बसें पुरानी हैं। ऐसी बसों को तुरंत बदला जाए और छात्रों के निर्धारित समय पर बसें छोड़ी जाएं। ऐसी विभिन्न मांगों को लेकर गढ़चिरौली जिला कांग्रेस परिवहन विभाग की ओर से कलेक्टर एवं डिपो मैनेजर को ज्ञापन दिया गया.

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष परिवहन विभाग रूपेश टिकले, कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सतीश विधाते, एससी सेल जिला.

## नगर निगम ने किया बेस्ट फ्रॉम वेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन

> कॉलेजों के लिए नगर निगम की सर्वश्रेष्ठ प्रतियोगिता
> छात्रों की रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए गतिविधियां
> बेकार से बेहतर हो

**चंद्रपुर.**



चंद्रपुर नगर निगम ने माजी वसुंधरा और स्वच्छ भारत अभियान के तहत शहर के सभी कॉलेजों के लिए बेस्ट फ्रॉम वेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया है। आयुक्त पालीवाल के विचार से आयोजित इस प्रतियोगिता में तकनीकी शिक्षा संस्थान, इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज, आईटीआई और अन्य संस्थान शामिल हुए और सफल प्रतियोगियों को प्रथम, द्वितीय के लिए क्रमशः 71 हजार, 51 हजार, 31 हजार रुपये का पुरस्कार दिया गया। और तृतीय के साथ-साथ 5 प्रोत्साहन पुरस्कार भी दिये जायेंगे। प्रतियोगिता की ख़ासियत यह है कि इसके माध्यम से छात्रों की क्षमता और रचनात्मकता को बढ़ावा मिलेगा और अपशिष्ट वस्तुओं को आधुनिक तकनीक से जोड़कर अधिक आकर्षक और टिकाऊ वस्तुएँ बनाई जाएंगी। इस गतिविधि के माध्यम से शहर में ई-कचरा एकत्र किया जाएगा एक सामाजिक परियोजना, छोटा मॉडल या बड़ा मॉडल बनाने के लिए उपयोग किया जाता है। प्रतियोगिता में छात्र टूटी हुई निर्माण सामग्री (ईंटें, सीमेंट, लोहे की छड़ें), लकड़ी और लोहे की मेज, कुर्सियाँ, टूटे हुए बिस्तर, अलमारी, चादरें, प्लास्टिक कचरा, बैनर, होर्डिंग्स, दुकान की वस्तुएं, अवांछित वस्तुओं जैसी अनधिकृत वस्तुओं की सामग्री का उपयोग कर सकते हैं। गोदामों आदि से है इस संबंध में प्रारंभिक जानकारी 2 दिसंबर को एक बैठक के माध्यम से सभी कॉलेज प्रतिनिधियों को दी गई थी और 12 दिसंबर को छात्रों की अवधारणा के प्रोजेक्ट को प्रस्तुत करने, चयन करने और अनुमोदित करने के लिए एक बैठक आयोजित की गई थी और अनुमोदित परियोजनाओं को 1 जनवरी से 25 जनवरी को इस परियोजना को लागू करने के लिए अब तक 16 संगठनों ने अभिनव पहल में भाग लिया है।

## पांच मिनट में दुपहिया वाहन हुआ चोरी...

**गढ़चिरोली.** बाइक में चाबी लगाकर दुकानदार से बात करना एक मजदूर को महंगा पड़ गया. महज पांच मिनट में लुटेरों ने उनकी बाइक चोरी कर ली। यह घटना 16 दिसंबर को चंद्रपुर रोड पर हुई थी.

मजदूर का नाम दिवाकर कवडू कोल्लुरवार (65, निवासी चनकाई नगर, गढ़चिरौली) है। 16 तारीख को वह सुबह 11:30 बजे 20 हजार रुपए कीमत के दोपहिया वाहन (एमएच 33 यू-2019) पर गुजरी स्थित जिला केंद्रीय सहकारी बैंक शाखा में आया था।

इस दौरान बैंक का काम खत्म करने के बाद वह चंद्रपुर रोड पर आया और बाइक की चाबी छोड़कर एक दुकानदार से बात करने चला गया था, ऐसा मौका पाते ही अज्ञात चोर बाइक लेकर भाग निकले।

## शिक्षक का घिनौना कृत्य, नाबालिग छात्रा का शोषण

> शिक्षक के खिलाफ राजुरा थाने में पास्को के तहत अपराध दर्ज

**राजुरा.**

राजुरा थाना अंतर्गत एक ग्रामीण इलाके में रहने वाली एक छात्रा के साथ उसी गांव में प्राइवेट ट्यूशन पढाने वाले शिक्षक द्वारा दुष्कर्म कर उसपर लैंगिक अत्याचार करने का गंभीर मामला सामने आया है। नाबालिग छात्रा ने सात माह के बच्चे को जन्म दिया है खुलासा हुआ है कि शिक्षक ने शिक्षा पेशे को कलंकित किया है. राजुरा पुलिस ने शिक्षक के खिलाफ अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है.



पीड़ित छात्रा स्कूल में कक्षा 8 में पढ़ती है। स्कूल की छुट्टी के बाद छात्रा उसी गांव के 24 वर्षीय शिक्षक के प्राइवेट ट्यूशन के लिए जा रही थी। उस शिक्षक के लगातार दुर्व्यवहार के कारण छात्रा गर्भवती हो गई और उसने सात महीने के बच्चे को जन्म दिया। शिकायत के बाद शिक्षक के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 376 जारी की गई। (3), 376 (2) और पास्को के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है. शिक्षा को कलंकित करनेवाले शिक्षक पेशे पर आम आदमी गुस्सा जाहिर कर रहे हैं.

## दीना नदी पर पुल का निर्माण अंतिम चरण में

**एटापल्ली.**

रेगड़ी-देवदा के बीच दीना नदी पर पुल का निर्माण कार्य करीब करीब पूरा हो चुका है और सवाल उठ रहा है कि इस रूट से एटापल्ली-गढ़चिरोली बस सेवा कब शुरू होगी. यदि इस मार्ग से बस सेवा शुरू की जाती है तो एटापल्ली वासियों की दूरी कम से कम 40 किमी कम हो जायेगी. इसलिए मांग है कि जिला प्रशासन एटापल्ली देवदा-रेगड़ी-घोट होते हुए गढ़चिरौली के लिए बस शुरू करे. एटापल्ली तालुका के नागरिकों को आलापल्ली के रास्ते गढ़चिरौली आना पड़ता था, इस बीच उन्हें एटापल्ली मुलचेरा के रास्ते आष्टी गढ़चिरौली की यात्रा करनी पड़ती थी। इसके बाद मुलचेरा अंबेला से होते हुए घोट की यात्रा भी शुरू की गई। हालाँकि, अंबेला और घोट के बीच 18 किमी के भीतर कोई गाँव नहीं है, इसलिए राज्य परिवहन निगम के लिए बस सेवा शुरू करना अलाभकारी था। इसलिए घोट मुलचेरा बस सेवा शुरू नहीं की गई। हालाँकि, रेगड़ी-देवदा के बीच दीना नदी पर पुल से एटापल्ली तालुका मुख्यालय और जिला मुख्यालय के बीच लगभग 40 किमी की दूरी कम हो जाएगी। इसलिए रेगड़ी क्षेत्र में दीना नदी पर पुल निर्माण की मांग उठ रही थी. जिला मुख्यालय से बोलेपल्ली होते हुए एटापल्ली तक केवल एक बस सेवा है। जिला मुख्यालय से यह बस दोपहर 12 बजे के बाद और एटापल्ली से सुबह 9 बजे है।

## रिक्त पदों के लिए आवेदन आमंत्रित

**गढ़चिरोली.** कल्याण आयोजक का पद जिला सैनिक कल्याण कक्ष में पूर्व सैनिक श्रेणी से गैर-सरकारी, पूर्णतया अस्थायी आधार पर मेस्को के माध्यम से भरा जाना है। जिला सैनिक कल्याण सेल अधिकारी, गढ़चिरौली ने उम्मीदवारों से सैन्य सेवा के पूर्ण मूल और स्कैन किए गए दस्तावेजों के साथ 24 दिसंबर को साक्षात्कार के लिए उपस्थित होने का अनुरोध किया है। चयन उस कैडर से किया जाएगा जिसने नायब सूबेदार या उससे ऊपर के पद पर काम किया हो।

## आष्टी हत्याकांड का अभी तक कोई 'सुराग' नहीं!

**आष्टी.** चामोर्शी तालुका के आष्टी में किराये पर रहने वाले एक बुजुर्ग दिव्यांग की धारदार हथियार से हत्या कर दी गयी थी. लेकिन पुलिस अभी तक मामले का खुलासा नहीं कर सकी है.

मृतक की पहचान रशीद अहमद शेख (60, निवासी बूटी बोरी, नागपुर) के रूप में हुई है। वह अपाहिज था. 12 दिसंबर से वह अपने रिश्तेदारों का फोन नहीं उठा रहे थे, जिसके बाद 15 तारीख को उनका शव मिला. पता चला कि घर बाहर से बंद था। इससे मामला और रहस्यमय हो गया. कुछ संदिग्धों से पुलिस ने पूछताछ की, लेकिन जांच आगे नहीं बढ़ सकी.

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का बयान देश के लिए दुखदायी: सांसद प्रतिभा धानोरकर

**चंद्रपुर.**

दिल्ली में शीतकालीन सत्र के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर का बयान पूरे देश में गूंजने लगा है. अखिल भारतीय अघाड़ी नेताओं ने संसद के बाहर धरना देकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान का जमकर विरोध किया.

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा संविधान पर चर्चा के दौरान विपक्ष को अंबेडकर-अंबेडकर कहना फैशन बन गया है. सांसद प्रतिभा धानोरकर ने अफसोस जताया और उन्होंने यह कहकर पूरे देशवासियों की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है कि अगर इसकी जगह भगवान का नाम लिया जाए तो उन्हें स्वर्ग में जगह मिल जाएगी। भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर हाथ में लेकर केंद्रीय गृह मंत्री



अमित शाह के बयान का विरोध किया.

ऐसे में केंद्रीय गृह मंत्री को इस बयान के लिए देशवासियों से माफी मांगनी चाहिए और संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर का अपमान कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. सभी विपक्षी दल के सांसदों ने विज्ञप्ति पर हस्ताक्षर किये।



# पड़ोसी मुल्क में स्पॉट हुईं मनीषा कोइराला

बॉलीवुड की दिग्गज मनीषा कोइराला सोशल मीडिया पर अक्सर एक्टिव रहती हैं और छोटे-बड़े हर तरह के पोस्ट अपने फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। चाहे नई किताब लिखने की बात हो या कोई क्रिप्टिक पोस्ट, यहां तक की अभिनेत्री फैमिली इवेंट से संबंधित पोस्ट भी अक्सर शेयर करती रहती हैं। लेकिन इन दिनों सोशल मीडिया पर 'मनीषा कोइराला' का लेटेस्ट फोटो और वीडियो वायरल हो रहा है। एक्ट्रेस को भारत के पड़ोसी मुल्क नेपाल (काठमांडू) में दोस्तों संग मस्ती करते देखा गया है।



फिल्म इंडस्ट्री की एवरग्रीन अभिनेत्री मनीषा कोइराला ठंड के मौसम में दोस्तों संग काठमांडू की सड़कों पर एंजॉय करती कैमरे में कैद हुईं। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर तस्वीरें शेयर की, जिसमें वह दोस्तों के साथ साइकिलिंग की तैयारी में दिखाई दीं।

इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर कर 'हीरामंडी: द डायमंड बाजार' अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा, "काठमांडू में सर्दियों की सुबह।"

शेयर की गई तस्वीरों में अभिनेत्री कभी साइकिल पर बैठी तो कभी खड़े होकर पोज देते दिखाई दीं। गुलाबी रंग के ट्रैक सूट के साथ अभिनेत्री ने ब्लैक चश्मा लगा रखा, जिसमें वह काफी कूल नजर आईं।हाल ही में मनीषा कोइराला ने एक क्रिप्टिक पोस्ट इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर डाला था, जिसमें लिखा था, "जो आपके लिए है, वो सही समय पर मिल जाएगा।" इसके साथ ही अभिनेत्री ने एक और पोस्ट साझा कर छुट्टियों पर जाने की जानकारी दी थी।

मशहूर अभिनेत्री मनीषा कोइराला नई किताब भी लिख रही हैं, जिसके बारे में उन्होंने सोशल मीडिया के द्वारा फैंस को जानकारी दी थी। अभिनेत्री ने बताया था, "मुझे अपना नया मैकबुक मिला और मैं लिखने की तैयारी में हूं। नए सफर के लिए उत्साह और घबराहट दोनों महसूस कर रही हूं, लेकिन मैं इसमें डूबने के लिए और अपने सपनों को साकार करने के लिए तैयार हूं। मेरी पहली किताब 'हील्ड' लिखना आसान था, क्योंकि यादें गहरी और ताजा थीं। लेकिन अब, मैं नए अनुभवों और भावनाओं को दोबारा से पन्नों पर उतारने के लिए तैयार हूं। मेरी राइटिंग जर्नी अपडेट के लिए यहां पर रखें नजर।"

अभिनेत्री की यह दूसरी किताब है। इससे पहले उन्होंने साल 2018 में 'हील्ड: कैसे कैंसर ने मुझे नई जिंदगी दी' लिखी थी, जिसमें कैंसर से जंग जीतने वाली अभिनेत्री ने निजी बातों और संघर्ष को खूबसूरती के साथ उतारा था। 90 के दशक की खूबसूरत और सफल अभिनेत्रियों की सूची में शामिल मनीषा कोइराला के वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेत्री संजय लीला भंसाली की 'हीरामंडी : द डायमंड बाजार' के दूसरे सीजन में काम करने के लिए तैयार हैं। सीरीज नेटफ्लिक्स पर आएगी।

# रोहित शेट्टी के परिवार में मुफलिसी का दौर



-कैसे शुरू हुआ था

संघर्ष के दिनों में जब किसी शख्स को कोई काम नहीं मिलता तो वो किसी भी काम को करने के लिए राजी हो जाता है. कुछ ऐसा ही हुआ था मशहूर निर्देशक रोहित शेट्टी के साथ. संघर्ष के दिनों में उन्होंने क्या-क्या नहीं किया. लेकिन स्ट्रगल के बाद जब उनका सितारा चमका तो उन्होंने अपनी उंगलियों पर बड़े-बड़े सितारों को नचाया. वो पर्दे पर भले ही न आए हों, लेकिन एक्शन का बादशाह तो उनको ही कहा जाता है. इसके अलावा रोहित शेट्टी फिल्म इंडस्ट्री के गुड लुकिंग और चार्मिंग डायरेक्टर्स में से भी एक हैं.रोहित शेट्टी को आज के दौर में कौन नहीं जानता. वो बेहतरीन स्टंट्स और एक्शन के लिए जाने जाते हैं. उनकी फिल्मों में हीरो का हेलीकॉप्टर से छलांग लगाना, चलती गाड़ी को गोल घुमा देना और एक के बाद एक गाड़ियां पलटा देना आम है. लेकिन ऐसे सीन्स को वो इस अंदाज में फिल्माते हैं कि इसी के चलते दर्शक पर्दे पर सीटियां और तालियां बजाने पर मजबूर हो जाते हैं. लेकिन रोहित शेट्टी ने मुफलिसी का दौर भी देखा है. जब वो सेट पर स्पॉटबॉय का काम करते थे और तब्बू की साड़ियां प्रेस करते थे. चलिए आपको बताते हैं. अगर कोई जीरो से हीरो बनने का सपना देख रहा है, तो उसे एक बार रोहित शेट्टी के संघर्ष की दास्तां जरूर जाननी चाहिए. उनका सफर किसी प्रेरणा से कम नहीं है. रोहित शेट्टी मशहूर स्टंटमैन और फिल्मों में विलेन का रोल निभाने वाले एमबी शेट्टी के बेटे हैं. रोहित शेट्टी की मां का नाम रत्ना है, जिन्होंने फिल्मों में जूनियर आर्टिस्ट का काम किया है. रोहित शेट्टी उस वक्त मुंबई के सांताक्रूज इलाके में रहते थे और वहीं पढ़ाई करते थे. रोहित जब महज 5 साल के थे तभी उनके पिता का निधन हो गया और यहीं से शुरू हुआ मुफलिसी का दौर. रोहित शेट्टी के पिता उस वक्त परिवार के लिए कुछ भी छोड़कर नहीं गए थे और इसी वजह से उनकी मां को फिल्मों में जूनियर आर्टिस्ट का रोल करना पड़ा था. घर की माली हालत इतनी खराब थी कि उनका घर भी बिक गया था और रोहित को दहिसर में अपनी नानी के घर रहना पड़ता था. अब दहिसर से सांताक्रूज का रास्ता करीब डेढ़ घंटे का था, जिसके लिए उनको काफी पैसे खर्चने पड़ते थे. क्लास 10 तक तो हालत इतनी खराब हो गई थी कि रोहित शेट्टी को पढ़ाई से ज्यादा कमाई की जरूरत महसूस होने लगी थी.

## जब प्रेस कीं तब्बू की साड़ियां

उस वक्त रोहित शेट्टी की बहन चंदा ने मशहूर निर्देशक कुक्कू कोहली से रोहित के लिए बात की थी. इसके डेढ़ साल के बाद कुक्कू कोहली ने रोहित को 35 रुपये रोजाना के खर्चे पर काम पर रख लिया था. उस वक्त कुक्कू कोहली अजय देवगन की पहली फिल्म फूल और कांटे बना रहे थे. तब रोहित शेट्टी वो 35 रुपये बचाने के लिए मलाड से अंधेरी के स्टूडियो तक पैदल जाते थे.

## ऑस्कर की रेस से बाहर हुई 'लापता लेडीज'

इसी साल मार्च में रिलीज हुई आमिर खान द्वारा निर्मित और किरण राव द्वारा निर्देशित फिल्म 'लापता लेडीज' 97वें ऑस्कर अवॉर्ड 2025 की रेस से बाहर हो गई है. ये फिल्म टॉप 15 फिल्मों की लिस्ट में अपनी जगह नहीं बना पाई. इस बात की जानकारी बुधवार को एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज ने दी. वहीं, ब्रिटिश-इंडियन डायरेक्टर संध्या की फिल्म 'संतोष' ने टॉप 15 में जगह बना ली है और अब ये फिल्म ब्रिटेन की ओर से ऑस्कर में जाएगी. फिल्म 'लापता लेडीज' को ऑस्कर 2025 के लिए विदेशी फिल्म कैटेगरी में भेजा गया था. इसका ऐलान 23 सितंबर को हुआ था. ये फिल्म किरण राव के डायरेक्शन में और आमिर खान प्रोडक्शन्स के बैनर तले बनी. इस फिल्म में रवि किशन, छाया कदम, स्पर्श श्रीवास्तव, प्रतिभा रांटा और नितांशी गोयल जैसे कलाकार नजर आ रहे हैं. ऑस्कर नॉमिनेशन की जानकारी 17 जनवरी को मिलेगी, जबकि अवॉर्ड सेरेमनी 2 मार्च को होगी, जिसमें विजेताओं का ऐलान किया जाएगा.

# मृणाल ठाकुर का 'गन' पकड़े पोस्टर वायरल

'इश्क़ और जंग' में सब जायज है, आज तक हम यही सुनते आए हैं। बहुत जल्द बड़े पर्दे पर इस तरह की स्टोरी आपको देखने को मिलने वाली है। जी हाँ साउथ टॉप एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर और अदिवि शेष की फिल्म 'डकैत' का पोस्टर मेकर्स ने रिलीज कर दिया है। आगामी फिल्म 'डकैत' में अदिवि शेष अभिनेत्री मृणाल ठाकुर के साथ बड़े पर्दे पर दिखेंगे।'डकैत' की कहानी अन्य फिल्मों से यूनिक होने वाली है। फिल्म को लेकर लीड एक्टर ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर हिंट दिया है। एक्शन ड्रामा फिल्म 'डकैत' के पोस्टर को इंस्टाग्राम पर साझा कर अभिनेता अदिवि ने लिखा, "हां प्यार किया मगर धोखा भी दिया, बदला तो लेना ही पड़ेगा।"

'डकैत' की कहानी की बात करें तो यह एक ऐसे अपराधी की कहानी है जिसे गुस्सा बहुत आता है। एक्स लवर से धोखा खाने के बाद वो बदला लेने की प्लान बनाता है। हालांकि पोस्टर में एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर का रूप बदले और प्यार का दिखाया गया है। उन्हें पोस्टर में अपने प्रेमिका के साथ हाथों में 'गन' पकड़े देखा जा सकता है। फिल्म की शूटिंग हिंदी और तेलगु भाषाओं में एक साथ की जा रही है। निर्देशक ने कहानी और पटकथा पर अदिवि शेष के साथ मिलकर काम किया है। वर्तमान में हैदराबाद में फिल्म की शूटिंग चल रही है। महाराष्ट्र में शूटिंग की योजना है। सुप्रिया यारलागड्डा और सुनील नारंग द्वारा सह-निर्मित एक्शन-रोमांटिक के निर्देशक शेनिल देव हैं।



# मां बनने के बाद राधिका ने शेयर किया बेबी बंप वाला फोटोशूट



बॉलीवुड एक्ट्रेस राधिका आप्टे ने कुछ दिनों पहले सोशल मीडिया पर अपने बच्चे के साथ तस्वीर शेयर की थी. इसके बाद लोगों को पता चला कि वह मां बन गई है क्योंकि एक्ट्रेस ने मां बनने की जानकारी नहीं दी थी. अब राधिका आप्टे ने अपने बेबी बंप की तस्वीरें दिखाई हैं. उनकी ये तस्वीरें चर्चा में बनी हुई हैं. राधिका आप्टे के तमाम चाहने वाले फैंस उनकी बेबी बंप की तस्वीरों को पसंद कर रहे हैं. वहीं, सोशल मीडिया पर तमाम यूजर्स उन्हें ट्रोल कर रहे हैं. आइए जानते हैं कि एक्ट्रेस को क्यों ट्रोल किया जा रहा है.राधिका आप्टे ने मंगलवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं. वह इनमें अपने बेबी बंप को फ्लॉन्ट करते नजर आ रही हैं. राधिका आप्टे ने जालीदार ड्रेस और दूसरी अन्य ड्रेस में बेबी फ्लॉन्ट किया है. उन्होंने बेबी बंप के साथ फोटोशूट करवाते समय अलग-अलग पोज दिए हैं. राधिका आप्टे ने जिस तरह से मां बनने की जानकारी नहीं शेयर की थी. उन्होंने कुछ दिनों बाद अपने बच्चे के साथ तस्वीर शेयर की थी.राधिका ने उसी तरह से मां बनने के बाद अपने बेबी बंप की तस्वीरें शेयर की हैं. उनके फैंस उनकी तस्वीरों को पसंद कर रहे हैं और कमेंट कर रहे हैं. राधिका आप्टे को उनके बेबी बंप के फोटोशूट को लेकर ट्रोल भी किया जा रहा है.



## करिश्मा कपूर की लटकी हुई स्किन

बॉलीवुड के 90 की दशक की दिलकश अदाकारा करिश्मा कपूर अपनी एक्टिंग, खूबसूरती और डांस के लिए मशहूर रही हैं. हालांकि इस उम्र में भी करिश्मा अपनी खूबसूरती और स्टाइल की वजह से चर्चा में छाई रहती हैं. जब भी वह कहीं स्पॉट होती हैं, उनका अंदाज लोगों के बीच छा जाता है. लोग उन्हें देखकर ये सोचते हैं कि आखिर वह ऐसा क्या करती हैं कि 50 की उम्र में गजब कि फिट और खूबसूरत नजर आती हैं.आपको बता दें कि आम महिलाओं की तरह अब करिश्मा के चेहरे पर भी उम्र का असर दिखने लगा है. उनकी उम्र का अंदाजा एक्ट्रेस के मेकअप से साफ पता चल रहा है. हाल ही में करिश्मा को जब अपने दादाजी राज कपूर की फिल्म फेस्टिवल में देखा गया तो इस दौरान उनका मेकअप बहुत ज्यादा लग रहा था. करिश्मा का मेकअप देखकर ऐसा लग रहा था कि वह मेकअप की परतों से अपने चेहरे की झुर्रियों को छिपा रही हैं.

# रश्मिका को अपने पार्टनर में चाहिए क्वालिटी




विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना के डेटिंग रूमर्स काफी समय से फैले हुए हैं. हालांकि इस जोड़ी ने कभी कंफर्म नहीं किया है कि ये रिश्ते में हैं लेकिन गाहे-बगाहे इनकी साथ में क्वालिटी टाइम स्पेंड करते हुए तस्वीरें वायरल होती रहती हैं. इन सबके बीच अब पुष्पा 2 की 'श्रीवल्ली' यानी रश्मिका मंदाना ने उन क्वालिटी के बारे में खुलासा किया है जो वह अपने पार्टनर में तलाश रही हैं.एक इंटरव्यू में, रश्मिका से पूछा गया कि किस चीज़ ने उन्हें ज्यादातर दिनों में कंफर्टेबल महसूस कराया. इस पर अभिनेत्री ने किसी अभिनेता का नाम नहीं लिया, लेकिन उन्होंने आत्मविश्वास से बताया कि उन्हें जीवन के हर पड़ाव में अपने साथी की जरूरत है. रश्मिका ने यह भी बताया कि उनकी जिंदगी में प्यार के क्या मायने हैं और उन्हें अपने पार्टनर में क्या प्रायरिटीज देना पसंद है. एक्ट्रेस ने कहा, "मेरा साथी. मुझे अपनी लाइफ के हर फेज में अपने साथी की जरूरत है. मुझे उस कंफर्ट, सिक्योरिटी और सहानुभूति की ज़रूरत है."

रश्मिका ने कहा, मैं किसी ऐसे इंसान के साथ रहना चाहता हूं जिसमें सिमिलर क्वालिटीज हों और अगर मेरे साथी के पास सेम अटैचमेंट स्टाइल नहीं है, तो हम साथ नहीं रह पाएंगे. 'श्रीवल्ली' के लिए, प्यार का मतलब साथी के साथ एक स्ट्रॉन्ग बॉन्ड है. उन्होंने कहा कि प्यार वह है जहां लाइफ के सभी अलग-अलग फेज में कोई न कोई आपके साथ होता है. कोई ऐसा व्यक्ति जो चट्टान की तरह आपके साथ खड़ा रहेगा और जीवन के सभी अवसरों का जश्न मनाएगा.

# बादशाह ने चालान कटने की अफवाहों पर किया रिएक्ट

फिल्म इंडस्ट्री के फेमस रैपर बादशाह अपने गानों और अंदाज से फैंस के होश उड़ा देते हैं. बीते दिन खबरें सामने आई थीं कि गुरुग्राम में उनके गाड़ियों के काफिले ने ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन कर दिया और इसकी वजह से उनका भारी-भरकम चालान कट गया है. दावा किया जा रहा था कि बादशाह के काफिले की गाड़ियां गलत साइड में चल रही थीं और रैपर जिस गाड़ी में बैठे थे, उसी का चालान काटा गया है. वहीं अब इन खबरों पर बादशाह ने रिएक्ट किया है. उन्होंने कहा कि इन खबरों में बिल्कुल भी सच्चाई नहीं है.



रैपर बादशाह ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर किया है, उन्होंने कहा कि हम हमेशा जिम्मेदारी के साथ गाड़ी चलाते हैं. बादशाह ने कहा, 'भाई थार तो है भी नहीं मेरे पास, ना मैं ड्राइव कर रहा था उस दिन. मैं व्हाइट वेलफायर में था और हम जिम्मेदारी के साथ चलाते हैं चाहे गाड़ियां हों या फिर गेम.' बादशाह के इस पोस्ट पर लोग रिएक्ट कर रहे हैं और अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं. बता दें कि बादशाह हाल ही में गुरुग्राम में सिंगर और रैपर करण औजला के एक कॉन्सर्ट में शामिल हुए थे, जिसके बाद यह खबरें सामने आई हैं.

# पांच बड़ी गलतियों के बावजूद तीसरा टेस्ट हुआ ड्रॉ

**ब्रिसबेन.**

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले गए तीसरे टेस्ट मैच के पांचवें दिन बुधवार को भारत की दूसरी पारी में शुरु हुई बारिश के कारण ड्रा घोषित कर दिया गया। ट्रैविस हेड को उनके शानदार खेल के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवजा गया। इसी के साथ पांच मैचों की सीरीज में दोनों टीमें एक-एक मैच जीत कर बराबरी पर है। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी के आधार पर मिली 185 रनों की बढ़त के बाद दूसरी पारी सात विकेट पर 89 रन पर घोषित कर भारत को जीत के लिए 275 रनों का लक्ष्य दिया था। ऑस्ट्रेलिया के 275 रनों के लक्ष्य के जवाब में दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 2.1 ओवर में बिना कोई विकेट खोए आठ रन बनाये थे कि तेज बारिश शुरु हो गई। चायकाल के समाप्त होने बावजूद हो रही हल्की बारिश के कारण अम्पायरों ने मैच को ड्रा घोषित कर दिया। इस मैच में भारतीय टीम का प्रदर्शन बेहद औसत रहा। बावजूद इसके भारत यह मैच हारने से बच गया। ऐसे में



भारतीय टीम की सलामी बल्लेबाजी इस मैच में पूरी तरह से फ्लॉप साबित हुई है। पर्थ टेस्ट के बाद यशस्वी जायसवाल एडीलेड और गाबा दोनों में फ्लॉप साबित हुए हैं। एडीलेड की पहली पारी में भारतीय सलामी जोड़ी ने ज़ीरो और दूसरी पारी में 12 रन की साझेदारी की थी। वहीं गाबा टेस्ट की पहली पारी में चार और दूसरी पारी में नाबाद 8 रन की साझेदारी की। भारत को इस मैच में अच्छी शुरुआत नहीं मिली, जिसका उन्हें बाद में खामियाजा भुगतना पड़ा। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह एक लौटे ऐसे गेंदबाज हैं जो इस सीरीज में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने अबतक तीन मैचों में 10.90 की खतरनाक औसत से 21 विकेट झटके हैं। इस दौरान बुमराह ने दो बार पांच और एक बार चार विकेट का आंकड़ा छुआ है। उन्हें किसी अन्य भारतीय गेंदबाज का साथ नहीं मिला है। इसके बाद मोहम्मद सिराज का नाम आता है। इस सीरीज में सिराज ने अबतक मात्र 13 विकेट लिए हैं। सिराज मैदान पर अग्रेशन दिखाने के अलावा अपना काम अच्छी तरह करने में नाकाम हो रहे हैं। अजिंक्य रहाणे और चेतेश्वर पुजरा को टीम से बाहर करने के बाद से भारतीय टीम का मध्य क्रम संघर्ष कर रहा है। रोहित शर्मा ने दो टेस्ट मैचों में अब तक मात्र 13 रन बनाए हैं। वहीं विकेट कीपर ऋषभ पंत और शुभमन गिल का बल्ला भी पूरी तरह से शांत हैं। ऐसे में फ्लॉप मिडिल ऑर्डर आने वाले मैचों में भारतीय टीम का सरदर्द बन सकता है। रोहित शर्मा के वापस आने के बाद भारतीय टीम ने एक भी टेस्ट नहीं जीता है। एडीलेड टेस्ट ड्रा रहा था, वहीं गाबा में बारिश ने भारतीय टीम को बचा लिया। इसके अलावा गेंदबाजी के बदलाव और फील्डिंग को लेकर भी रोहित की कप्तानी पर सवाल उठ रहे हैं।

### बैटिंग सवालिया निशान

कप्तान रोहित शर्मा इस मैच में भी उम्मीदों पर खरे नहीं उतर सके। नंबर-6 पर बल्लेबाजी करने उतरे रोहित शुरुआत में लय में दिखे और कुछ शानदार शॉट लगाए। लेकिन जल्द ही एडिलेड टेस्ट जैसी ही गलती दोहराते हुए उन्होंने अपना विकेट गंवा दिया। तेज गेंदबाज की एक शॉर्ट पिच गेंद पर कट शॉट खेलने के प्रयास में वह बैकफुट पर कैच थमा बैठे। रोहित के इस तरह आउट होने के बाद क्रिकेट विशेषज्ञ और फैंस ने उनके शॉट चयन और तकनीकी खामियों पर सवाल उठाए हैं।

# इलेक्ट्रिशियन की बेटी ने डब्ल्यूपीएल में पाया मुकाम

**बेंगलुरु.**



मुंबई की बल्लेबाज सिमरन शेख एशिया की सबसे बड़ी झुग्गी बस्ती धारावी में एक इलेक्ट्रीशियन की बेटी हैं। उन्होंने महिला प्रीमियर लीग 2025 (डब्ल्यूपीएल) की नीलामी में गुजरात जायंट्स से 1.9 करोड़ रुपए का बड़ा करार हासिल कर सबको चौंका दिया।

सिमरन इससे पहले डब्ल्यूपीएल 2025 में यूपी वॉरियर्स टीम का हिस्सा थीं। इस बार वह डब्ल्यूपीएल नीलामी में सबसे महंगी अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ी बनकर उभरी हैं। सिमरन मुंबई और इंडिया ई टीम का हिस्सा हैं, जिन्होंने सीनियर विमेंस टी20 ट्रॉफी और चैलेंजर ट्रॉफी में जीत दर्ज की थी। सिमरन की मां ने बताया कि जब नीलामी में सिमरन का नाम आया तो पूरे परिवार में खुशी का माहौल था। उन्होंने कहा कि सिमरन ने क्रिकेट खेलने पर उठने वाली बातों को कभी तवज्जो नहीं दी और अपने खेल में पूरी तरह समर्पित रहीं।

उन्होंने कहा,"लोग कहते थे कि इसे खेल बंद कराओ। मैं भी उसे समझाने की कोशिश करती थी, 'मत खेलो, लोग बुरा बोलते हैं, अच्छा नहीं लगता। अपने लिए नहीं तो कम से कम अपनी मां के लिए सोचो'। लेकिन सिमरन किसी की नहीं सुनती और क्रिकेट में ही खोई रहती थी। अब जब उसने यह मुकाम हासिल किया है, तो वही लोग उसकी तारीफ कर रहे हैं और हमें गर्व महसूस होता है।"

सिमरन सात बच्चों में तीसरे नंबर पर हैं। उनके परिवार में चार बहनें और तीन भाई हैं। परिवार धारावी में एक 10×16 के छोटे से कमरे में रहता है। सिमरन के पिता जाहिद अली ने कहा, "अब मैं एक अच्छा फ्लैट लेने की सोच रहा हूं ताकि हमारे बच्चों को बेहतर जीवन मिल सके।" सिमरन के इस बड़े करार पर ज़ाहिद ने कहा, "पूरा परिवार बहुत खुश है। सबकी आंखों में खुशी के आंसू थे। जब घर की बेटी इतनी ऊंचाई हासिल करती है, तो यह पूरे परिवार के लिए जश्न मनाने जैसा मौका होता है।" 22 साल की सिमरन, जो मिडिल-ऑर्डर बैटर हैं, को पिछले साल पहली नीलामी में यूपी वॉरियर्स ने उनके बेस प्राइस 10 लाख रुपए में खरीदा था। डब्ल्यूपीएल 2023 में सिमरन ने 9 मैचों में 29 रन बनाए थे। तब से लेकर अब तक उन्होंने अपने खेल में काफी सुधार किया है। इस साल अक्टूबर और नवंबर में सीनियर महिला टी20 ट्रॉफी में सिमरन ने 100.57 के स्ट्राइक से 176 रन बनाए थे।

# मिचेल सैंटनर टी20 और ओडीआई फॉर्मेट के कप्तान बने



**नई दिल्ली.**

केन विलियमसन ने न्यूजीलैंड की कप्तानी छोड़ दी है। जिसके बाद अब टीम के नए कप्तान मिचेल सैंटनर बन गए हैं। उन्हें वनडे और टी20 का नया कप्तान नियुक्त किया है। वह टीम के बहुत अनुभवी खिलाड़ी हैं। न्यूजीलैंड के लिए उन्होंने टी20 और वनडे में 100 से ज्यादा मैच खेल चुके हैं। साथ ही उन्होंने 24 टी20 और चार वनडे मैच में टीम की कमाल भी संभाल चुके हैं। ऑलराउंडर खिलाड़ी की भूमिका निभाने वाले मिचेल सेंटनर ने कप्तानी मिलने पर कहा कि यह उनके लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा,"राष्ट्रीय टीम की कप्तानी मिलना सम्मान की बात है। बचपन से ही सपना था कि एक दिन न्यूजीलैंड के लिए जरूर खेलूंगा, लेकिन 2 अलग-अलग फॉर्मेट में टीम की कप्तानी मिलना अपने आप में सौभाग्य की बात है।"मिचेल सेंटनर ने अब तक चार वनडे मैचों में कीवी टीम की कप्तानी की है, लेकिन टीम उनमें से सिर्फ एक में ही जीत दर्ज कर पाई है। साथ ही वह टी20 कप्तान के तौर पर काफी सफल रहे हैं। सेंटनर ने अब तक 24 टी20 मैचों में न्यूजीलैंड की कप्तानी की है, जिसमें से टीम ने 13 बार जीत हासिल की है। आपको बता दें कि आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन में सेंटनर को मुंबई इंडियंस ने 2 करोड़ रुपये में खरीदा था।न्यूजीलैंड के हेड कोच गैरी स्टीड ने भी मिचेल सेंटनर को व्हाइट बॉल कप्तान बनाए जाने की वजह बताई है। उन्होंने कहा कि सेंटनर को टी20 और वनडे टीम का कप्तान इसलिए बनाया गया है ताकि टॉम लैथम टेस्ट क्रिकेट पर ज्यादा ध्यान दे सकें।

# गल्फ टी 20 में सऊदी अरब की ऐतिहासिक जीत

**दुबई.**

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला गया गाबा टेस्ट काफी रोमांचक रहा और ड्रॉ पर खत्म हुआ. इसी बीच दुबई में खेली जा रही गल्फ टी20 चैंपियनशिप में एक बड़ा कारनामा देखने को मिला है.

गल्फ टी20 चैंपियनशिप का 11वां मैच ओमान और सऊदी अरब की टीमों के बीच खेला गया. दुबई में आईसीसी एकेडमी में खेले गए इस मुकाबले में सऊदी अरब की टीम ने बाजी मारी.

ये जीत सऊदी अरब के लिए काफी खास रही. बता दें, सऊदी अरब की टीम साल 2019 से टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट खेल रही है.दोनों टीमों के बीच खेले गए इस मैच में सऊदी अरब की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था, जो सही साबित हुआ.

# रविचंद्रन अश्विन ने लिया संन्यास

**नई दिल्ली.**

टीम इंडिया के दिग्गज क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन ने संन्यास की घोषणा कर दी है. वे अब इंटरनेशनल क्रिकेट में नजर नहीं आएंगे. अश्विन ने भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच द गाबा में खेले गए टेस्ट मैच के बाद यह घोषणा की. अश्विन का अब तक दमदार रिकॉर्ड रहा है. वे बॉलिंग के साथ-साथ बैटिंग में भी कमाल दिखा चुके हैं. अश्विन का टेस्ट के साथ-साथ वनडे क्रिकेट में भी शानदार प्रदर्शन देखने को मिला है. उन्होंने ब्रिसबेन में तीसरे टेस्ट के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में संन्यास का ऐलान किया. टीम इंडिया और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला गया तीसरा टेस्ट मैच ड्रॉ हो गया. अश्विन ने इस टेस्ट मैच के बाद संन्यास की घोषणा की. कप्तान रोहित शर्मा भी अश्विन के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस में मौजूद थे. अश्विन का करियर शानदार रहा है. उन्होंने टेस्ट में 537 विकेट झटके हैं. इसके साथ ही 3503 रन भी बनाए हैं. अश्विन का वनडे और टी20 में दमदार प्रदर्शन देखने को मिला है. लेकिन भारत का यह सितारा अब इंटरनेशनल क्रिकेट में नजर नहीं आएगा.अश्विन ने संन्यास को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ''बतौर भारतीय क्रिकेटर इंटरनेशनल लेवल पर यह मेरा आखिरी दिन है.'' अश्विन प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान भावुक नजर आए. उनके साथ कप्तान रोहित भी बैठे थे.अश्विन ने भारत के लिए 106 टेस्ट मैच खेले हैं. उन्होंने इस दौरान 3503 रन बनाए. अश्विन ने टेस्ट में 6 शतक और 14 अर्धशतक जड़े हैं. उनका सर्वश्रेष्ठ टेस्ट स्कोर 124 रन रहा. वे भारत के लिए कई बार मुश्किल परिस्थिति में दमदार प्रदर्शन कर चुके हैं. अश्विन ने बैटिंग के साथ-साथ बॉलिंग में भी कमाल दिखाया. उन्होंने इस दौरान 537 विकेट झटके. अश्विन का एक टेस्ट पारी में 59 रन देकर 7 विकेट लेना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है.अश्विन भारत के लिए 116 वनडे मैच खेल चुके हैं.

# भारतीय कुश्ती का निराशाजनक रहा बीता साल

**नई दिल्ली.**

कहते हैं कि खेलों को राजनीति से दूर रखना चाहिए, लेकिन भारतीय कुश्ती में तो 2024 में खेलों की राजनीति ही हावी रही। एक समय ओलंपिक में सफलता की गारंटी माने जाने वाले इस खेल में प्रशासनिक उठापठक खत्म होने का नाम ही नहीं ले रही और पेरिस ओलंपिक में विनेश फोगाट का तय लग रहा पदक चले जाने से एक और निराशा हाथ लगी। ठीक एक साल पहले भारतीय कुश्ती महासंघ के चुनाव से बेंगलुरु में हाल ही में हुई राष्ट्रीय चैम्पियनशिप तक भारतीय कुश्ती दिशाहीन जहाज लग रही थी।एक समय था जब कुश्ती को ओलंपिक में भारत की पदक उम्मीदों में गिना जाता था, लेकिन पेरिस ओलंपिक में अमन सहरावत के कांस्य पदक के अलावा इस खेल में भारत की झोली खाली रही। बदकिस्मती से विनेश का स्वर्ण पदक बिल्कुल करीब आकर निकल गया। ओलंपिक के लिये उनके पसंदीदा भारवर्ग में जगह नहीं बनने से विनेश ने निचले वर्ग में किस्मत आजमाई। उन्होंने पेरिस ओलंपिक में पहले दौर में जापान की महान पहलवान युइ सुसाकी को हराया, लेकिन फाइनल के दिन सुबह 100 ग्राम वजन अधिक पाये जाने के कारण अयोग्य करार दी गई।



इसके एक दिन बाद विनेश ने खेल को अलविदा कह दिया। घर लौटने के बाद उनका नायिकाओं की तरह स्वागत किया गया। विनेश ने राजनीतिक पारी शुरू करके कांग्रेस का दामन थामा और हरियाणा विधानसभा चुनाव में जुलाना से जीत दर्ज करके विधायक बन गई। बजरंग पूनिया भी कांग्रेस में शामिल हुए, लेकिन उनकी किस्मत विनेश जैसी नहीं रही। अभ्यास शिविरों के दौरान डोप टेस्ट के लिये नमूने देने में नाकाम रहने के कारण उन पर चार साल का प्रतिबंध लगा। इससे पहले वह पेरिस ओलंपिक के लिये क्वालीफाई भी नहीं कर सकते थे। टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के बाद उनका करियर ग्राफ इस साल बिल्कुल नीचे चला गया। विनेश और बजरंग लगातार कहते रहे कि डब्ल्यूएफआई के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न को लेकर उनकी लड़ाई राजनीतिक नहीं है । लेकिन उनके कांग्रेस से जुड़ने के बाद उनकी साथी पहलवान और रियो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साक्षी मलिक ने अपनी किताब में लिखा कि दोनों ने लालच ने उनके प्रदर्शन की हवा निकाल दी। अगली पीढ़ी के पहलवानों अंशु मलिक और अमित पंघाल ने पेरिस में निराश किया, लेकिन अमन ने छत्रसाल स्टेडियम की परंपरा को आगे बढाकर पुरूषों की फ्रीस्टाइल 57 किलो कुश्ती में कांस्य पदक जीता। इसी वर्ग में 2020 टोक्यो खेलों में रवि दहिया ने रजत पदक जीता था। लेकिन चोटों और खराब फॉर्म ने दहिया को हाशिये पर धकेल दिया।

# फीफा वर्ष सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार की घोषणा

दोहा. इस बार का फीफा वर्ष का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार ब्राजील और स्पेन के झोली में चला गया। रीयाल मैड्रिड के स्टार विनिशियस जूनियर को फीफा 'द बेस्ट' पुरस्कार में वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी चुना गया। जबकि बार्सिलोना की ऐटाना बोनमाटी ने महिला वर्ग में पुरस्कार जीता। 24 वर्ष के विनिशियस को पछाड़कर अक्टूबर में मैनचेस्टर सिटी के रौड्री ने बलोन डिओर जीता था। खास बात यह है कि इसके विरोध में विनिशियस और मैड्रिड टीम ने पेरिस में पुरस्कार समारोह में भाग ही नहीं लिया था ।





इस बार रौड्री पांच अंक से विनिशियस से पिछड़ गए। ब्राजील के फॉरवर्ड विनिशियस फीफा के समारोह में पुरस्कार लेने पहुंचे थे। उन्होंने पुर्तगाली भाषा में कहा कि समझ में नहीं आ रहा कि कहां से शुरू करूं। लगा नहीं था कि यहां तक पहुंच सकूंगा। मैं गरीबी और अपराध के लिए बदनाम साओ गोंकालो की गलियों में नंगे पैर सड़क पर फुटबॉल खेला करता था। उन्होंने आगे कहा कि यहां तक पहुंचना मेरे लिए काफी अहम है। मैं उन बच्चों के लिए प्रेरणा बनना चाहता हूं जिन्हें लगता है कि सब कुछ असंभव है। स्पेन की मिडफील्डर बोनमाटी ने लगातार दो साल बलोन डी ओर जीतने के बाद यह पुरस्कार जीता। यह उनकी बड़ी उपलब्धी है।

अपनी इस जीत पर उन्होंने कहा कि जैसा कि मैं हमेशा कहती हूं कि यह टीम के प्रयासों से मिला है। यह साल बहुत शानदार रहा। मैं अपने क्लब, साथी खिलाड़ियों और सभी को धन्यवाद देती हूं।

बता दें कि दोनों पुरस्कारों के लिए 11 खिलाड़ियों को नामित किया गया था जिसके बाद मौजूदा कप्तानों, कोचों, प्रशंसकों और मीडिया के वोट से विजेता का चयन हुआ। इसके लिए 21 अगस्त 2023 से 10 अगस्त 2024 के प्रदर्शन को आधार रखा गया। विनिशियस जूनियर का जन्म 12 जुलाई 2000 में ब्राजील में हुआ। विनिशियस जूनियर का फुटबॉल करियर 2006 में शुरू हुआ। एक गरीब कैथोलिक परिवार से आने वाले, विनिशियस ने 13 मई 2017 को एटलेटिको माइनिरो के खिलाफ ब्राजीलियन सीरी ए 1-1 से ड्रॉ में 82वें मिनट में विकल्प के रूप में फ्लेमेंगो के लिए पदार्पण किया। आज तक कई उपलब्धियां हासिल करते हुए उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा।

ऐटाना बोनमाटी का जन्म 18 जनवरी 1998 को कैटेलोनिया के गर्राफ कॉमरका की राजधानी विलानोवा आई ला गेलट्रू में हुआ। पेशेवर फुटबॉलर स्पेन की ऐटाना बोनमाटी ने 2023 तक कई प्रमुख क्लब और व्यक्तिगत पुरस्कार जीते। महिला फुटबॉल में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से उन्हें एक माना जाता है। बोनमाटी 7 साल की उम्र से प्रैक्टिस कर रही हैं और आज उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की।

## पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका को दी करारी मात

**पर्ल.**

पाकिस्तान ने 3 मैचों की वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में साउथ अफ्रीका को धोबी पछाड़ दे दी। पहले वनडे मुकाबले में साउथ अफ्रीका टॉस तो जीत गई लेकिन ना बल्लेबाजी में कमाल दिखा पाई और ना ही गेंदबाजी में। जिसके बाद सईम अयूब के शतक और सलमान आगा के उम्दा प्रदर्शन ने पाकिस्तान को शानदार जीत दिलाई।पाकिस्तान के सामने 240 रन के लक्ष्य था, जिसके जवाब में 20वें ओवर में 4 विकेट 60 रन पर गंवा दिए। सलमान को एडेन मार्कराम की गेंद पर विकेट के पीछे जीवनदान मिला जब वह 6 रन पर थे। इसके बाद उन्होंने कोई मौका नहीं दिया।हरफनमौला सलमान आगा के कैरियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका को पहले एक दिवसीय क्रिकेट मैच में 3 विकेट से हराया। सलमान ने 90 गेंद में नाबाद 82 रन बनाकर टीम को 3 गेंद बाकी रहते जीत दिलाई। इससे पहले उन्होंने गेंदबाजी का कमाल दिखाते हुए अपनी ऑफ स्पिन से 32 रन देकर 4 विकेट चटकाए थे। दक्षिण अफ्रीका की टीम नौ विकेट पर 239 रन ही बना सकी थी। पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनने वाली दक्षिण अफ्रीका टीम को टोनी डि

# विजय हजारे टॉफी से पृथ्वी शॉ हुए हताश

## टीम से बाहर होने पर बीसीसीआई पर खड़ा किया सवाल

**मुंबई.**

जहां बीते कुछ समय से पृथ्वी शॉ अपनी खराब फॉर्म को लेकर लोगों के निशाने पर हैं। वहीं अपने खराब फॉर्म के चलते शॉ को आईपीएल 2025 के लिए हुए मेगा ऑक्शन में भी किसी ने नहीं खरीदा। वहीं अब खबर आ रही है कि, आगामी 21 दिसंबर से शुरू हो रही विजय हजारे ट्रॉफी एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए मुंबई की टीम से बाहर किए जाने पर मंगलवार को निराशा व्यक्त की। दरअसल शॉ सिर्फ खराब फॉर्म को लेकर ही सुर्खियों में नहीं हैं, बल्कि बीते कुछ वक्त से उनके अनुशासन पर भी काफी सवाल उठ रहे हैं। वहीं कभी भारत के सबसे प्रतिभावान खिलाड़ियों में शामिल रहे और टेस्ट पदार्पण पर शतक जड़ने वाले 25 वर्षीय पृथ्वी के लिए मौजूदा सत्र भूलने वाला रहा है। फिटनेस और अनुशासनात्मक कारणों से पृथ्वी को रणजी ट्रॉफी लीग चरण के बीच से ही बाहर कर दिया गया था लेकिन सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के लिए उनकी



टीम में वापसी हुई जिसे मुंबई ने जीता। नवंबर में आईपीएल नीलामी में भी किसी फ्रेंचाइजी ने उनके लिए बोली नहीं लगाई। शीर्ष घरेलू प्रतियोगिता में भी उनका प्रदर्शन प्रभावशाली नहीं रहा। उन्होंने कुछ मौकों पर अच्छी शुरुआत की लेकिन अर्धशतक जड़ने में नाकाम रहे।वहीं आज टीम में जगह नहीं मिलने के बाद शॉ ने इंस्टाग्राम के जरिए अपनी एक स्टोरी शेयर की, जिसमें उन्होंने अपने लिस्ट-ए मैचों को हाइलाइट किया। पृथ्वी ने इंस्टाग्राम पर लिखा कि, ''भगवान मुझे बताओ, मुझे और क्या देखना है? 65 पारियां, 55.7 की औसत और 126 के स्ट्राइक रेट से 3399 रन (विजय हजारे में) के बावजूद मैं काफी अच्छा नहीं हूं। लेकिन मैं आप पर अपना भरोसा बनाए रखूंगा और उम्मीद है कि लोग अब भी मुझ पर भरोसा करेंगे क्योंकि मैं निश्चित रूप से वापसी करूंगा। ओम साई राम।"

जानकारी दें कि, इस बार श्रेयस अय्यर विजय हजारे ट्रॉफी के लिए मुंबई की 17 सदस्यीय टीम की अगुआई करेंगे जिसे शुरुआती तीन मैच के लिए चुना गया है। अनुभवी स्पिनर शम्स मुलानी को भी इस टीम में जगह नहीं मिली है। विजय हजारे टूर्नामेंट के पिछले सत्र में अजिंक्य रहाणे ने टीम की अगुआई की थी। भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव को भी टीम में जगह मिली है। वही मुंबई अपने अभियान की शुरुआत 21 दिसंबर को अहमदाबाद में कर्नाटक के खिलाफ करेगा।

# पांच देशों में खुले एकेडमिक चेयर

## आयुष चिकित्सा प्रणालियों को वैश्विक स्तर पर पहुंचाने का प्रयास




**नई दिल्ली.** आयुष के बारे में अकादमिक आदान-प्रदान, अनुसंधान और जन जागरूकता को बढ़ाने के उद्देश्य से भारत ने बांग्लादेश, ऑस्ट्रेलिया, मॉरीशस, लातविया और मलेशिया में एकेडमिक चेयर (अकादमिक पीठ) शुरू की है. मंगलवार को संसद में इसकी जानकारी देते हुए आयुष राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा कि विदेशी संस्थानों में आयुष पीठ की पहल, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयुष चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देने के भारत के व्यापक प्रयासों का एक हिस्सा है. जाधव ने राज्यसभा में कहा, 'विदेशी विश्वविद्यालयों में आयुष पीठों की स्थापना अंतरराष्ट्रीय सहयोग, अनुसंधान को बढ़ावा देने और आयुष के लाभों को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण रणनीति है. पीठ का उद्देश्य आम तौर पर आयुष के बारे में अकादमिक आदान-प्रदान, अनुसंधान और जन जागरूकता को बढ़ावा देना है, जिससे मेजबान देश में इसकी मान्यता और स्वीकृति में योगदान मिलता है.' उन्होंने कहा कि आयुष पीठ की स्थापना या तो द्विपक्षीय प्रयासों से होती है या किसी विदेशी संस्थान की आयुष पीठ की मेजबानी करने की इच्छा से होती है. उन्होंने कहा, 'इसके बाद विदेशी विश्वविद्यालय और आयुष मंत्रालय के तहत आने वाले संस्थान के बीच एक चेयर एमओयू पर हस्ताक्षर किए जाते हैं. आयुष मंत्रालय ने विभिन्न देशों के साथ संस्थान स्तर के समझौते किए हैं. इनका उद्देश्य विशेषज्ञों और सूचनाओं का आदान-प्रदान करना है. जाधव ने कहा, 'इस संबंध में मंत्रालय विभिन्न व्यापार मेलों, सम्मेलनों, द्विपक्षीय बैठकों, तकनीकी प्रशिक्षणों में इस योजना के तहत विशेषज्ञों को नियुक्त करता है. इसी तरह अन्य देश भारत में आयोजित बैठकों, कार्यक्रमों में अपने विशेषज्ञों को भेजते हैं.' राज्यसभा में तेजवीर सिंह द्वारा आयुष को बढ़ावा देने के संबंध में पूछे गए प्रश्न का उत्तर देते हुए जाधव ने कहा कि आयुष मंत्रालय ने आयुष के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक केंद्रीय क्षेत्र योजना विकसित की है. उन्होंने कहा, 'इस योजना का उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयुष चिकित्सा प्रणालियों के बारे में जागरूकता और रुचि को बढ़ावा देना है. इसके तहत आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध, सोवा-रिग्पा और होम्योपैथी को बढ़ावा देना तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयुष के लिए बाजार का विकास करना है.

### 24 देशों के बीच सहमति पत्रों पर हुए हस्ताक्षर

❍ आयुष मंत्रालय ने पारंपरिक चिकित्सा और होम्योपैथी के क्षेत्र में सहयोग के लिए 24 देशों के बीच सहमति पत्रों पर हस्ताक्षर किए हैं. जाधव ने कहा, 'विदेशों में आयुष अकादमिक पीठों की स्थापना के लिए अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के साथ 15 सहमति पत्रों पर हस्ताक्षर किए गए हैं. सहयोगात्मक अनुसंधान और अकादमिक सहयोग के लिए विदेशी संस्थानों के साथ नियमित रूप से संस्थान स्तर पर सहमति पत्रों पर हस्ताक्षर किए जाते हैं.'

# गंगासागर में 1500 करोड़ की लागत से बनेगा पुल



**कोलकाता.**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा है कि सरकार गंगासागर में पांच किलोमीटर लंबा पुल बनाएगी, ताकि तीर्थ क्षेत्र को दूसरी छोर से जोड़ा जा सके। चार लेन वाले पुल के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर ली गई है। इस पर अनुमानित खर्च 1500 करोड़ रुपए आएगा। इसकी निविदा जारी कर दी गई है। इतना ही नहीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी काफी गंभीर हैं। इस बार मेले में करीब 15 हजार सुरक्षाकर्मी तैनात होंगे।

उन्होंने सुरक्षा को चाक-चौबंद रखने के लिए इस दौरान ड्रोन और जीपीएस सिस्टम से सुरक्षा की निगरानी के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, 'हमने केंद्र सरकार से बार-बार पुल के लिए कहा, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। इसलिए, हमने इसे खुद बनाने का फैसला किया है। अपेक्षित सर्वेक्षण किया गया और परियोजना के लिए डीपीआर तथा निविदा पूरी हो गई। इसे बनाने में चार साल और लग सकते हैं। मेला प्रांगण में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और सिविल डिफेंस की टीम भी तैनात की जा रही है। उल्लेखनीय है कि आठ जनवरी, 2025 से पवित्र गंगासागर मेला शुरू हो जाएगा। इस बार गंगासागर मेले में सुरक्षा के लिए इसरो की तकनीकी मदद भी ली जाएगी। इसरो की मदद से उपग्रह और जीपीएस ट्रैकिंग की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा आईबी को भी सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। जानकारी के मुताबिक मुख्यमंत्री के निर्देशों के बाद सुंदरबन पुलिस ने इस बार मेले में करीब पंद्रह हजार पुलिसकर्मियों को तैनात करने का निर्णय लिया है। महिलाओं की सुरक्षा का विशेष प्रबंध किया जाएगा। नदी मार्ग पर स्पीडबोट और लंच से सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन भी लगाए जाएंगे। सादा कपड़े में पुलिस भी तैनात रहेगी। एक क्विक रिस्पांस टीम। ट्रैफिक प्रबंधन के लिए अलग से एक टीम होगी। बम निपटान स्क्वॉड भी रहेगा। इसके अलावा, निगरानी बढ़ाने के लिए ममता बनर्जी ने राज्य के ड्रोन का उपयोग करने की सलाह भी दी है।

# सक्सेना ने सीएम आतिशी को पत्र लिखकर जताई नाराजगी

**नई दिल्ली.** उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मुख्यमंत्री आतिशी को पत्र लिखकर विधानसभा में सीएजी रिपोर्ट पेश करने में जानबूझकर चूक करने को लेकर सरकार की आलोचना की है। और 19 या 20 दिसंबर को सदन का विशेष सत्र बुलाने की सलाह दी है। लिखे अपने पत्र में सक्सेना ने आरोप लगाया कि पिछले दो वर्षों में 14 रिपोर्ट पेश करने में निर्वाचित सरकार की ओर से जानबूझकर चूक की गई है। एलजी ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि सामान्य तौर पर, एक वर्ष में कम से कम तीन सत्रों के लिए विधानसभा का सत्र बुलाया जाता है, लेकिन यह विधायी प्रथा का मजाक है कि दिल्ली सरकार ने पांच वर्षों में केवल पांच सत्र बुलाए। एलजी ने आगे कहा कि दिल्ली विधानसभा के पांचवें सत्र का तीसरा भाग चार दिसंबर को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया था, लेकिन अभी तक स्थगित नहीं किया गया है। एलजी ने सीएम को लिखे पत्र में कहा कि सदन का नेता होने के नाते, स्पीकर के परामर्श से सीएजी रिपोर्ट को सदन के पटल पर रखने के लिए 19 या 20 दिसंबर को विधानसभा की विशेष बैठक बुला सकते हैं, क्योंकि इस मामले में अधिक देर हो रही है और आठवीं विधानसभा के लिए चुनाव होने वाले हैं।

# जेपीसी में प्रियंका के नाम का प्रस्ताव देगी कांग्रेस

**नई दिल्ली.**



एक देश एक चुनाव विधेयक पर विस्तृत चर्चा के लिए जेपीसी का गठन किया जा रहा है। इस जेपीसी में कांग्रेस, प्रियंका गांधी के नाम का प्रस्ताव दे सकती है। प्रियंका गांधी के अलावा इस समिति में मनीष तिवारी, सुखदेव भगत रणदीप सुरजेवाला के नाम की भी चर्चा है। गौरतलब है कि केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने मंगलवार को लोकसभा में एक देश एक चुनाव विधेयक पेश किया था। सहमति के बाद इस विधेयक को विस्तृत चर्चा के लिए संसद की संयुक्त समिति के पास भेजा गया है। अब जेपीसी गठन की तैयारी शुरू हो गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जेपीसी में 31 सांसद शामिल हो सकते हैं, जो विधेयक की समीक्षा करेंगे। 31 सदस्यों में से 21 सदस्य लोकसभा से और 10 सांसद राज्यसभा से होंगे। गठन के बाद 90 दिनों के भीतर समिति को अपनी रिपोर्ट सौंपनी होगी। हालांकि समयसीमा को बढ़ाया भी जा सकता है। टीएमसी की तरफ से कल्याण बनर्जी, साकेत गोखले को जेपीसी में शामिल करने का प्रस्ताव दिया गया है। गौरतलब है कि कांग्रेस के साथ ही टीएमसी, सपा, एआईएमआईएम, डीएमके ने एक देश एक चुनाव विधेयक का विरोध किया। वहीं एनडीए में भाजपा की सहयोगी टीडीपी और जदयू ने विधेयक का समर्थन किया है। जेपीसी के लिए राजनीतिक पार्टियों से अपने सांसदों के नाम देने के लिए कहा गया है। किस पार्टी से कितने सांसद होंगे, अभी ये तय नहीं है, लेकिन लोकसभा में सबसे बड़ी पार्टी होने के नाते जेपीसी अध्यक्ष और सबसे ज्यादा सांसद भाजपा के होंगे। गौरतलब है कि देश में लोकसभा और सभी विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने के लिए सरकार ने लोकसभा में संविधान (129वां) संशोधन विधेयक पेश किया है। इसे एक देश एक चुनाव विधेयक कहा जा रहा है।

# क्या टूडो को छोड़ना पड़ेगा पीएम पद?

**नई दिल्ली.** भारत की तल्खी के बाद वित्त मंत्री और उप प्रधानमंत्री क्रिस्टिया फ्रीलैंड के इस्तीफा देने के बाद कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो की मुश्किलें बढ़ रही हैं। लगातार घाटे से जूझ रहे देश पर एक ओर जहां अमेरिका की ओर टैरिफ लगाने का दबाव है तो दूसरी ओर आंतरिक नीतिगत टकराव ने पीएम टूडो के सामने पद छोड़ने वाले हालात पैदा कर दिए हैं। मौजूदा संकट उनके नौ साल के कार्यकाल में सबसे बड़ा है।

कनाडा की उप-प्रधानमंत्री क्रिस्टिया फ्रीलैंड ने सोमवार को पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो को संबोधित एक पत्र के जरिए अपना इस्तीफा दिया। पत्र में फ्रीलैंड ने बताया कि पिछले हफ्ते टूडो ने उन्हें वित्त मंत्री के पद से हटाने की कोशिश की थी और उन्हें मंत्रिमंडल में कोई अन्य भूमिका देने की पेशकश की थी।

# जजों को मिल रही 10 से 15 हजार पेंशन

## सुको ने स्थिति को बेहद दयनीय बताया




**नई दिल्ली.**

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त जजों की पेंशन को लेकर निराशा जाहिर की। कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को महज 10 से 15 हजार रुपये पेंशन मिल रही है। यह बेहद दयनीय स्थिति है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि हर मामले में कानूनी दृष्टिकोण अपनाना ठीक नहीं है। कुछ मामलों में मानवीय दृष्टिकोण भी अपनाया जाए। उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की पेंशन से जुड़े मुद्दे वाली याचिका पर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की। इस दौरान सरकार की ओर पेश हुए अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने पीठ से अनुरोध किया कि मामले की सुनवाई जनवरी में की जाए।

सरकार इस मुद्दे को सुलझाने का प्रयास करेगी। इस पर पीठ ने कहा कि बेहतर होगा कि आप सरकार को समझाएं कि हमारे हस्तक्षेप से बचा जाना चाहिए। इस मामले पर अलग-अलग मामलों के आधार पर फैसला नहीं किया जाएगा और शीर्ष अदालत जो भी फैसला सुनाएगी, वह सभी उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों पर लागू होगा। इसके बाद पीठ ने मामले की सुनवाई आठ जनवरी को सूचीबद्ध की। याचिकाकर्ता हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त जज ने याचिका में कहा था कि वे हाईकोर्ट से सेवानिवृत्त हुए हैं और उनको महज 15 हजार रुपये पेंशन मिल रही है। जिला अदालत में 13 साल तक न्यायिक अधिकारी के रूप में सेवा देने के बाद वह इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत हुए थे। उन्होंने दावा किया था कि अधिकारियों ने पेंशन की गणना करते समय उनकी न्यायिक सेवा पर विचार ही नहीं किया। इस पर पीठ ने कहा था कि हमारे सामने उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश हैं, जिन्हें 6,000 रुपये और 15,000 रुपये पेंशन मिल रही है, तो यह चौंकाने वाला है। ऐसा कैसे हो सकता है?

### अंतिम वेतन के आधार पर हो पेंशन की गणना

❍ मार्च में एक अलग याचिका पर सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने कहा था कि उच्च न्यायालयों के सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के पेंशन लाभों की गणना में इस आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया जा सकता कि वे बार या जिला न्यायपालिका से पदोन्नत हुए हैं। जिला न्यायपालिका से पदोन्नत हुए सेवानिवृत्त उच्च न्यायालय न्यायाधीश के पेंशन लाभों की गणना उनके अंतिम वेतन के आधार पर की जानी चाहिए।

# 60 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्गों का इलाज मुफ्त होगा

## केजरीवाल ने लॉन्च की संजीवनी स्कीम



**नई दिल्ली.** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर एक बड़ा एलान किया। अरविंद केजरीवाल बुजुर्गों के लिए संजीवनी योजना शुरू करने की घोषणा की। इसके तहत दिल्ली में 60 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्गों का इलाज मुफ्त होगा। अरविंद केजरीवाल ने योजना की घोषणा करते हुए कहा कि दिल्ली वालों के लिए संजीवनी लेकर आया हूं। दिल्ली में 60 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्गों को मुफ्त इलाज मिलेगा। इलाज का सारा खर्च दिल्ली सरकार उठाएगी। ये केजरीवाल की गारंटी है। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता घर-घर जाकर रजिस्ट्रेशन करेंगे। दिल्ली के पूर्व सीएम ने कहा कि सरकारी या प्राइवेट अस्पतालों में फ्री इलाज होगा। कोई अपर लिमिट नहीं होगी। कोई एपीएल, बीपीएल कार्ड नहीं चाहिए। इसका रजिस्ट्रेशन दो-तीन दिन में शुरू हो जाएगा। हमारे कार्यकर्ता आपके घर में आएंगे, आपको एक कार्ड देंगे, उसे संभालकर रखना। चुनाव के बाद आम आदमी पार्टी की सरकार बनने पर योजना बनाएगी और लागू करेगी। अरविंद केजरीवाल ने कहा, '60 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों को संजीवनी योजना के तहत निजी और सरकारी दोनों अस्पतालों में मुफ्त इलाज मिलेगा। इलाज की लागत की कोई ऊपरी सीमा नहीं होगी। इसके लिए रजिस्ट्रेशन एक-दो दिन में शुरू हो जाएगा। आप कार्यकर्ता रजिस्ट्रेशन के लिए आपके घर आएंगे। वे आपको एक कार्ड देंगे, जिसे आप सुरक्षित रखिएगा।

# उत्तराखंड में जनवरी से लागू होगा यूनिफॉर्म सिविल कोड



**नई दिल्ली.** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड में जनवरी 2025 से समान नागरिक संहिता लागू हो जाएगी। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बुधवार को सचिवालय में उत्तराखंड निवेश और आधारिक संरचना विकास बोर्ड (यूआईआईडीबी) की बैठक के दौरान सीएम धामी ने कहा कि प्रदेश सरकार अपने संकल्प के अनुसार, समान नागरिक संहिता लागू करने की दिशा में होमवर्क पूरा कर चुकी है। सीएम धामी ने कहा कि मार्च 2022 में प्रदेश में नई सरकार बनने के बाद मंत्रिमंडल की पहली बैठक में ही प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति, गठित करने का निर्णय लिया गया था। इस क्रम में सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया। समिति की रिपोर्ट के आधार पर 07 फरवरी, 2024 को राज्य विधान सभा से समान नागरिक संहिता विधेयक 2024 पारित किया गया। इस विधेयक पर महामहिम राष्ट्रपति की सहमति मिलने के बाद 12 मार्च, 2024 को इसका नोटिफिकेशन जारी किया गया।

# अंतरिक्ष क्षेत्र में लंबी छलांग लगाने की तैयारी

## गगनयान मिशन को आधिकारिक रूप से मंजूरी

**नई दिल्ली.**

भारत ने अंतरिक्ष क्षेत्र में लंबी छलांग लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। दरअसल इसरो ने अपने महत्वकांक्षी गगनयान मिशन की लॉन्चिंग की तैयारी शुरू कर दी है। इसके तहत इसरो के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में एचएलवीएम3 (ह्युमन रेटेड लॉन्च व्हीकल मार्क-3) की असेंबली शुरू कर दी गई है। गगनयान मिशन को साल 2025 में लॉन्च किया जाना है। यह तैयारियां ऐसे समय हो रही हैं, जब इसरो के एलवीएम3-एक्स मिशन को 10 साल पूरे हो गए हैं।

साल 2014 में एलवीएम-एक्स मिशन को लॉन्च किया गया था और अब ये एचएलवीएम-3, उसी एलवीएम-एक्स का उन्नत रूप है। एलवीएम मिशन के जरिए इंसानों को अंतरिक्ष में भेजने का परीक्षण किया गया, जिसमें मिशन की सफलतापूर्वक लॉन्चिंग और क्रू मॉड्यूल की रिकवरी शामिल थी। एलवीएम के जरिए 3,775 किलोग्राम क्रू मॉड्यूल को अंतरिक्ष में 126 किलोमीटर ऊंचाई पर ले जाया गया। 2014 का मिशन बंगाल की खाड़ी में सफलतापूर्वक उतरा था।

गगनयान मिशन में तीन अंतरिक्षयात्रियों को तीन दिन के मिशन के लिए पृथ्वी की निचली कक्षा में भेजा जाएगा और फिर उन्हें भारतीय समुद्री जल में उतारकर सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाया जाएगा।




### तैयारियां अंतिम चरण में पहुंचीं

साल 2019 में गगनयान मिशन को आधिकारिक रूप से मंजूरी मिली। अब एचएलवीएम3 को इंसानों को अंतरिक्ष में ले जाने के लिए डिजाइन किया गया है। इसमें अंतरिक्षयात्रियों की सुरक्षा का भी पूरा ध्यान रखा गया है। यह 53 मीटर लंबा तीन चरणीय यान है, जिसका कुल वजन 640 टन है और यह 10 टन के वजन को पृथ्वी की निचली कक्षा में ले जाने में सक्षम है। साथ ही इसमें क्रू एस्केप सिस्टम भी इंटीग्रेट किया गया है, जिसकी मदद से अंतरिक्ष यात्री स्पेस में यान से बाहर निकल सकेंगे।